



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 37 अंक 54 | कोरबा, सोमवार, दिनांक 24 नवंबर 2025 डाक 25 नवंबर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

भारत के प्रधानमंत्री मोदी दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के शुरुआती सत्र में शामिल हुए



**देश-विदेश**

पटरी पर लौट रहे भारत-कनाडा के संबंध, पीएम मोदी ने की मार्क कार्नी के साथ बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**फीचर पेज**

उर्मिला मातोंडकर ने कंधे से स्वेटर खिसकाकर दिए सिजलिंग पोज, लोग बोले- आज भी...




# प्रदूषण के खिलाफ विरोध में इंडिया गेट पर लगे मारे गये नक्सली हिडमा के नारे, कई प्रदर्शनकारी हिरासत में



**नईदिल्ली 24 नवंबर [एजेंसी]।**

दिल्ली दिल्ली में इंडिया गेट पर उस समय हालात असामान्य हो गये जब वायु गुणवत्ता में गिरावट के लिए किया गया विरोध-प्रदर्शन मारे गये नक्सली कमांडर हिडमा अमर रहे के नारों से गूंज उठा। इंडिया गेट पर युवा प्रदर्शनकारी अपने साथ हिडमा के नाम लिखी तख्तियां और पोस्टर लेकर आये थे। प्रदर्शनकारी व्यवस्था से नाराज थे और उसे बदलने की आवाज उठा रहे थे। मगर आरोप है कि प्रदर्शनकारियों ने पुलिस टीम पर पैपर स्प्रे कर दिया, जिससे तीन से चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। सभी का राम मनोहर लोहिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने पुलिसकर्मियों पर हमला करने वालों पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही है। पुलिस ने 15 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 4.30 बजे कुछ प्रदर्शनकारी इंडिया गेट के सी-हेक्सागन जमा हुए। वह वायु गुणवत्ता में लगातार हो रही गिरावट को लेकर विरोध जता रहे थे। कुछ देर बाद प्रदर्शन करने वाले नक्सली हिडमा के पक्ष में नारेबाजी करने लगे। वहां मौजूद पुलिस टीम ने उन्हें वहां से हटने का निर्देश दिया, लेकिन उन्होंने पुलिस के निर्देश का पालन नहीं किया और नारेबाजी करते रहे। उसके बाद पुलिस प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों को वहां से हटाने लगी। आरोप है कि इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस टीम पर पेपर स्प्रे का इस्तेमाल करने लगे, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई और पुलिस और प्रदर्शनकारी के बीच हल्की झड़प हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पेपर स्प्रे किए जाने से तीन से चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। उन्होंने आंखों में जलन की शिकायत की। उन्हें तुरंत पास के आरएमएल अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी पुलिसकर्मी का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

प्रदर्शन की वजह से ट्रैफिक व्यवस्था में भी काफी दिक्कत आई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 15 प्रदर्शनकारी को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। प्रदर्शनकारियों ने हिंसक व्यवहार और पुलिस बल पर हमले को लेकर उनके खिलाफ सख्त धाराओं में मामला दर्ज किया जाएगा। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वह अपनी शिकायत शांतिपूर्ण और कानूनी तरीके से रखें, ताकि सार्वजनिक स्थानों की सुरक्षा और व्यवस्था प्रभावित न हो।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सीजेआई सूर्यकांत को पद की शपथ दिलाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जस्टिस सूर्यकांत को देश के मुख्य न्यायाधीश की शपथ लेने के बाद शुभकामनाएं दी हैं। वे राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए। सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जस्टिस सूर्यकांत को मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, जस्टिस सूर्यकांत के भारत के चीफ जस्टिस के तौर पर शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुआ। उनके आगे के कार्यकाल के लिए उन्हें शुभकामनाएं। मुख्य न्यायाधीश बने जस्टिस सूर्यकांत ने सोमवार को हिंदी में शपथ ली। वे जस्टिस बीआर गवई की जगह लेंगे। 53वें सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत का कार्यकाल लगभग 14 महीने का होगा और वे 9 फरवरी 2027 तक पद पर रहेंगे।

### डबल अटैक से दहला पाकिस्तान!

# धमाके में तीन लोगों की मौत लगातार हो रही गोलीबारी



**पेशावर, 24 नवंबर [एजेंसी]।**

पाकिस्तान से बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां सोमवार को उत्तर-पश्चिमी शहर पेशावर में बंदूकधारियों ने एक पैरा मिलिट्री फोर्स हेडक्वार्टर पर हमला किया। फ्रंटियर कॉन्स्टेबुलरी पैरामिलिट्री फोर्स के हेडक्वार्टर पर दो सुसाइड बॉम्बर ने भी हमला किया, जिसमें तीन लोग मारे गए। एक सीनियर अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया, पहले सुसाइड बॉम्बर ने कॉन्स्टेबुलरी के मेन गेट पर हमला किया और दूसरा कंपाउंड में घुस गया। इस समय आर्मी और पुलिस समेत लॉ एनफोर्समेंट ने इलाके को घेर लिया है और हालात पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है, क्योंकि शक है कि हेडक्वार्टर के अंदर कुछ आतंकवादी अभी भी मौजूद हैं। पैरामिलिट्री फोर्स का हेडक्वार्टर एक भीड़भाड़ वाले इलाके में है।

हमले के तुरंत बाद, सोशल मीडिया पर कई वीडियो सामने आए, जिसमें दावा किया गया कि स्नष्ट चौक मेन सदर पर धमाकों की आवाज सुनी गई। पाकिस्तान के पेशावर में एफसी मुख्यालय पर हमले की खबर है। एफसी मुख्यालय पर दो धमाके हुए हैं। गोलीबारी की आवाज सुनाई दे रही है। पुलिस ऑफिसर मियां सईद अहमद के हवाले से कहा, FC हेडक्वार्टर पर हमला हुआ है। इलाके में कई धमाके हुए हैं। हम जवाब दे रहे हैं और इलाके को घेर लिया गया है। इस साल की शुरुआत में, क्वेटा में पैरामिलिट्री हेडक्वार्टर के बाहर एक ज़बरदस्त कार बम धमाके में कम से कम दस लोग मारे गए थे और कई घायल हो गए थे।

## बंगाल की खाड़ी में एक और चक्रवात का खतरा, तटीय इलाकों में अलर्ट

**भुवनेश्वर 24 नवंबर।** बंगाल की खाड़ी में एक और चक्रवात बनने की संभावना जताई जा रही है। यह कब और कहां लैंडफॉल करेगा, इस बारे में फिलहाल कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। हालांकि अनुमान है कि यह उत्तरी आंध्रप्रदेश से लेकर म्यांमार के बीच कहीं तट से टकरा सकता है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, मलक्का जलडमरूमध्य और उससे सटे दक्षिण अंडमान सागर के ऊपर बना स्पष्ट चिह्नित निम्न दबाव क्षेत्र अभी भी सक्रिय है। इससे जुड़ा परिसंचरण तंत्र समुद्र तल से लगभग 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक फैला हुआ है। यह सिस्टम पश्चिम-उत्तरपश्चिम दिशा में बढ़ते हुए सोमवार को दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी और उससे जुड़े दक्षिण अंडमान सागर के ऊपर एक अवदाब (डिप्रेशन) में परिवर्तित हो गया है। इसके बाद अगले 48 घंटों में, यानी 26 तारीख की शाम तक इसके एक चक्रवात में बदलने की संभावना है। 25 तारीख की शाम से समुद्र में इसका प्रभाव बढ़ने लगेगा। दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में हवा की गति 50 से 70 किमी प्रति घंटे तक रहेगी। 26 तारीख की सुबह हवा की रफ्तार 60 से 70 किमी प्रति घंटे और कुछ स्थानों पर 80 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है।




# सिंध भारत का हिस्सा..., राजनाथ सिंह के बयान से तिलमिलाया पाकिस्तान



**नईदिल्ली 24 नवंबर [एजेंसी]।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सीमा बदलने को लेकर दिए गए बयान से पाकिस्तान तिलमिल गया है। पाकिस्तान अब इसे हिन्दुत्व से जोड़कर भारत को पूर्वोत्तर की समस्या याद दिला रहा है। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सिंधी समाज के एक कार्यक्रम में कहा : - भले ही वर्तमान में सिंध, भौगोलिक रूप से भारत में नहीं है, लेकिन सभ्यता के रूप में देखें तो सिंध हमेशा भारत का अभिन्न अंग रहेगा और भविष्य में सिंध फिर से भारत में वापस आ सकता है। रक्षा मंत्री के इस बयान से पाकिस्तान में सनसनी मच गई है। पाक विदेश मंत्रालय ने कहा, राजनाथ सिंह की बातें खतरनाक रूप से बदलाव लाने वाली और हिंदुत्व की विस्तारवादी सोच को दिखाती हैं। पाकिस्तान, सिंध प्रांत के बारे में भारतीय रक्षा मंत्री की भ्रम फैलाने वाली और खतरनाक रूप से बदलाव लाने वाली बातों की कड़ी निंदा करता है। ऐसे बयान विस्तारवादी हिंदुत्व की सोच को दिखाते हैं जो स्थापित सच्चाइयों को चुनौती देना चाहती है और अंतर्राष्ट्रीय कानून, मान्यता प्राप्त सीमाओं की अखंडता और राज्यों की संप्रभुता का साफ उल्लंघन करती है।

दिल्ली में सिंधी कम्युनिटी के एक इवेंट में बोलते हुए सिंह ने सिंध और भारत के बीच कल्चरल और सिविलाइजेशनल लिंक पर बीजेपी के सीनियर लीडर लालकृष्ण आडवाणी की लिखी बातों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आडवाणी की पीढ़ी के कई सिंधी हिंदू 1947 के बंटवारे के दौरान सिंध के अलग होने को कभी नहीं मान पाए। सिंह ने दोहराया कि भले ही सिंध आज पाकिस्तान का हिस्सा है, लेकिन बॉर्डर बदल सकते हैं, और कल सिंध भारत में वापस आ सकता है।सिंह ने आगे कहा कि सिंध में हिंदुओं और कई मुसलमानों के लिए सिंधु नदी का गहरा आध्यात्मिक महत्व है, और इसकी पवित्रता की तुलना मक्का के आब-ए-ज़मजम से की। उन्होंने कहा, आज, सिंध की जमीन भारत का हिस्सा नहीं हो सकती है, लेकिन सभ्यता के हिसाब से, सिंध हमेशा भारत का हिस्सा रहेगा।

## टाटानगर रेलवे स्टेशन के बाहर हुए 2 धमाके

**जमशेदपुर 24 नवंबर।** टाटानगर रेलवे स्टेशन के बाहर सोमवार सुबह लगभग साढ़े 11 बजे एक-एक कर दो धमाके हुए जिसके कारण पूरा स्टेशन परिक्षेत्र दहल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार टाटानगर रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के पास एक सीएनजी ऑटो में अचानक आग लग गई जिसके बाद एक-एक कर दो जोरदार धमाके हुए। धमाकों की आवाज इतनी तीव्र थी कि इसकी आवाज काफी दूर तक पहुंची और सुनने वाला हर कोई दहशत में आ गया, जिसके कारण पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। कुछ देर के लिए स्टेशन के बाहर आवागमन भी बाधित हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार एक ऑटो को कीताडीह निवासी पवन राय चला रहा था, सुबह में वह यात्रियों को लेकर ऑटो में लेकर स्टेशन की ओर बढ़ ही रहा था कि आसपास के लोगों ने उसके ऑटो के नीचे से चिंगारी निकलते हुए देखी और इसके प्रति चालक को आगाह किया।

# 12.43 करोड़ की संपत्ति मिली उत्पाद अधीक्षक के ठिकानों से, कहा- मैं बेकसूर हूं, मुझे फंसाया गया



**पटना/ औरंगाबाद।** औरंगाबाद के उत्पाद अधीक्षक अनिल कुमार आजाद को बेहतर काम के लिए विभाग से तीन-तीन मेडल दिया गया था। किसी से सोचा नहीं होगा कि उन्होंने अपने पास इतनी संपत्ति रखी होगी। स्पेशल विजिलेंस यूनिट ने जब उत्पाद अधीक्षक के पटना, जहानाबाद, औरंगाबाद समेत चार ठिकानों पर छापेमारी की तो सब लोग दंग रह गए। कैश इतना मिला कि टीम को नोट गिनने के लिए मशीन मंगानी पड़ी। सभी ठिकानों पर मिली संपत्तियों को जोड़ा गया तो 12.43 की चल-अचल संपत्ति का खुलासा हुआ। उत्पाद अधीक्षक अनिल कुमार आजाद की 20 माह पहले औरंगाबाद में इसी पद पर हुई थी और दो माह बाद ही उन्हे रिटायर होना था। इसके पहले ही एसवीयू ने एक साथ उनके चार ठिकानों पर छापेमारी कर दी। अनिल कुमार आजाद ने फोन पर बताया कि यह सब स्प्रिट माफियाओं की साजिश है। उनलोगों ने साजिश कर निगरानी में शिकायत की है।

उनके ऊपर जो भी आरोप लगाया जा रहा है, वह सरासर गलत और बेबुनियाद है। उन्होने खुद निगरानी की टीम को छापेमारी में सहयोग किया है। अनिल कुमार आजाद ने कहा कि उत्पाद विभाग में बेहतर काम की बदौलत तीन-तीन मेडल मिले है। बदले की भावना से छापेमारी की गई है। कल उनके भतीजे की शादी थी और आज ही बारात से लौट कर पटना पहुंचा हूं। इसके बाद छापेमारी टीम पहुंची। जांच में मैं सहयोग कर रहा हूं।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## संदिग्ध फ़ूड पॉइज़निंग से 12 लोग अस्पताल में भर्ती

**श्रीनगर, 24 नवंबर।** हंदवाड़ा के नौगाम के एक परिवार के 12 सदस्यों को कल रात को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जब वे संदिग्ध फ़ूड पॉइज़निंग के कारण बेहोश हो गए। अधिकारियों के अनुसार, परिवार के सदस्य रात में बेहोश हो गए और उन्हें तुरंत सबसे पास के हेल्थ सेंटर, NTPHC में ले जाया गया। शुरुआती इलाज के बाद, सभी 12 लोगों को खास मेडिकल केयर के लिए GMC हंदवाड़ा रेफर कर दिया गया। GMC हंदवाड़ा के अस्पताल अधिकारियों ने कन्फर्म किया है कि सभी प्रभावित लोग स्थिर हैं और उन्हें ज़रूरी इलाज मिल रहा है। अधिकारियों ने संदिग्ध फ़ूड कंटैमिनेशन के सोर्स का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

## ऑल इंडिया कराते चैंपियनशिप में कोरबा ने किया शानदार प्रदर्शन

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ प्रदेश की राजधानी रायपुर के जुनेजा इनडोर स्टेडियम में 19 नवंबर और 20 नवंबर को ऑल इंडिया कराते चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। जिसके लिए कोरबा जिले से कुल 32 खिलाड़ियों का चयन हुआ था। जिसमें शहर के ड्रेगन मार्शल आर्ट एकेडमी के 10 कराते फाइटर एवं लेवल अप एकेडमी से 22 कराते फाइटर शामिल थे। चैंपियनशिप में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा व कराते के राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। उक्त प्रतियोगता में पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, असम, महाराष्ट्र, बिहार सहित अन्य राज्यों से लगभग 500 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें शहर के खिलाड़ियो ने धूम मचाते हुए सब जूनियर और जूनियर खिलाड़ियों ने अलग-अलग वजन वर्ग में पदक प्राप्त किया।कोरबा जिला कराते संघ के उपाध्यक्ष एवं ड्रेगन मार्शल आर्ट एकेडमी के डायरेक्टर अजीत शर्मा के ने जानकारी देते हुए बताया की भविष्य राज एवं वंश राठौर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। इसी तरह फ्रांसिस कुजूर( कांस्य पदक), अमन टोप्पो (रजत पदक), कुनाल गोस्वामी (रजत पदक) खुशाल सिंह राठौर (कांस्य पदक), फरहान रजा (कांस्य पदक), अर्घ्य सिंह (कांस्य पदक), हासिल किया। अन्य फाइटर समर्थ अग्रवाल, अंश चंद्रा का खेल सराहनीय रहा। इस दौरान कोच अजीत शर्मा, अध्यक्ष अविनाश बंजारे, कोच प्रेम राज बंजारे, देव आशीष कोच, रानी मरकाम, टीम मैनेजर अनुज अग्रवाल साथ में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में कोरबा के खिलाड़ियो के पदक जीतकर जिला सहित एकेडमी व स्कूल का गौरव बढ़ाने पर जिला क्रीड़ा अधिकारी के.आर. टंडन, खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी दीनू पटेल, सहायक क्रीड़ा अधिकारी गभेल, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी रामकृपाल साहू, प्राचार्या स्मिता वि नायर, सिद्धार्थ राजवाड़े, जिला कराते संघ अध्यक्ष अविनाश बंजारे, विवेकानंद गोपाल, पीयूष पाण्डेय, रविन्द्र ध्रुव (स्पोर्ट्स ऑफिसर), प्रेम राज बंजारे, देव आशीष, चीफ कोच महेश देवांगन, कोच मोहम्मद आरिफ, पूजा मिश्रा, रानी मरकाम, दीपक रोहिदास, शेन एलेक्स, हार्दिक दुरेजा, मुस्कान जायसवाल, शुभम प्रजापति, ईश्वर दास महंत आदि सभी ने सभी खिलाड़ियों को बहुत-बहुत बधाई और ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

## वाणिज्य कर निरीक्षक बनें आकाश



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा के नतीजे घोषित हो गए हैं कोरबा जिले के आकाश टंडन ने दूसरे प्रयास में कमर्शियल टैक्स इंस्पेक्टर के पद पर सफलता प्राप्त की। उनके पिता पी एल टंडन सरकारी स्कूल में प्राचार्य हैं। कोरबा जिले से शुरुआती शिक्षा के बाद आकाश ने शंकराचार्य इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी भिलाई से बी इलेक्ट्रिकल उत्तीर्ण किया। दूसरा प्रयास में उन्होंने इंटरव्यू क्लियर करने के साथ जो रैंक हासिल की उसके जरिए कमर्शियल टैक्स इंस्पेक्टर का स्थान प्राप्त किया। उनकी सफलता पर कोरबा और जैजैपुर क्षेत्र में शुभचिंतक खुश है।

## क्रिकेट प्रीमियर लीग अंतर्गत तानाखार की टीम बनी विजेता-रामपुर रही उपविजेता

**कोरबा ।** कोरबा जिलान्तर्गत पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के ग्राम पंचायत तानाखार में भलपहरी-तानाखार क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया। इसमें तानाखार की टीम विजेता और रामपुर की टीम उपविजेता बनी।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष माधुरी देवी तंवर, विशिष्ट अतिथि सरपंच संघ अध्यक्ष प्रताप सिंह मरावी, पूर्व जनपद सदस्य विजय दुबे, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णु यादव, जे.पी. सिंह, शिव शंकर उईके, सरपंच तीज बाई बिंझवार, सखाराम बिंझवार आदि उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे आना चाहिए। इससे सामाजिक एकता और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। इसके बाद विजेता और उपविजेता टीम को सम्मानित किया।

## धान खरीदी केंद्रों पर मंडरा रहा खतरा

**कोरबा ।** कोरबा जिले के 65 में से 8 धान खरीदी केंद्रों को हाथियों से खतरा है। यहां हर साल हाथी धान खाने पहुंच जाते हैं। इन केंद्रों में अभी सुरक्षा के नाम पर सिर्फ कंटीले तार की फेंसिंग की गई है, जिसे हाथी आसानी से तोड़ देते हैं। प्रशासन ने इन केंद्रों की निगरानी करने को कहा है।

सहकारी समितियों के प्रभारियों को धान की चोरी के साथ हाथियों से बचाने की भी चुनौती होती है। धान खरीदी केंद्र जंगल के ही किनारे हैं। अभी 91 से अधिक हाथी घूम रहे हैं। हाथियों को अब धान खाने की आदत पड़ गई है। इसकी वजह से मकानों को भी तोड़ देते हैं। कोरबा ब्लॉक में सबसे अधिक समस्या होती है।

इस कड़ी में ग्राम श्यांग, लेमरू, चिर्रा, कोरकोमा, चचिया, मदवानी को प्रशासन ने चिन्हित किया है। इसी तरह पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के मोरगा, लैंगा को हाथी प्रभावित माना गया है। इसके अलावा भी हाथी प्रभावित अन्य केंद्र हैं। इनमें जिल्गा बरपाली, रामपुर, कोरबी भी शामिल हैं, जहां हाथियों की आवाजाही हमेशा रहती है। हालांकि हाथी कब कहां चले जाएं, इसका अंदाजा नहीं होता है।

इस मामले जिला खाद्य अधिकारी, कोरबा जी.एस. कंवर ने जानकारी देते हुए बताया की हाथी प्रभावित धान खरीदी केंद्रों में समय पर उठाव हो, इसकी योजना बनाई गई है। जो लिमिट तय किया है, उसके अनुसार इन केंद्रों को प्राथमिकता दी जाएगी।

## जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जिला खनिज न्यास मद से बढ़ी हाई-टेक सुविधाएँ

**कोरबा।** कोरबा जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए जिला खनिज न्यास मद (डीएमएफ) से मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल में तेजी से आधुनिक सुविधाएँ जोड़ी जा रही हैं। स्वास्थ्य सेवाओं में यह विस्तार कोरबा के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही हैं। पहले जिन जांचों के लिए मरीजों को निजी संस्थानों का सहारा लेना पड़ता था, अब वे सभी जांचें जिला अस्पताल में उपलब्ध हैं। विशेष रूप से सोनोग्राफी, नेत्र परीक्षण और रक्त संबंधी विशेष जांचों को और अधिक उन्नत एवं विस्तारित किया गया है। इससे आम जनता को समय और धन दोनों की बचत हो रही है। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि जिला खनिज न्यास मद (डीएमएफ) से नए उपकरण, मशीनें और आवश्यक तकनीकें स्थापित की जा रही हैं, जिससे जांचों की सटीकता और गति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को सबसे अधिक लाभ मिल रहा है, क्योंकि अब उन्हें गुणवत्तापूर्ण जांचें निःशुल्क या न्यूनतम खर्च में प्राप्त हो रही हैं। स्थानीय नागरिकों ने जिला खनिज न्यास मद (डीएमएफ) के इस उपयोग को सराहनीय बताया है और कहा है कि इससे जिले की स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर नई ऊँचाइयों पर पहुंच रहा है।

# छुरी झाबू क्षेत्र में सीएसईबी के एश डाईक ने बढ़ाया जन स्वास्थ्य का खतरा

### हर स्तर पर लोग हो रहे परेशान,चेतावनी दी-जल्द करेंगे इस मसले पर आंदोलन



**कोरबा।** छुरीकला के समीप ग्राम नवागांव झाबू में सीएसईबी द्वारा बनाए गए राखड़ बांध से उठ रही धूल और प्रदूषण की समस्या गंभीर होती जा रही है। निर्धारित क्षमता से अधिक भराव के बाद राखड़ को बांध से बाहर निकालकर गांव के आसपास ऊंचाई पर डंप किया जा रहा है, जिसके कारण राख हवा में उड़कर आसपास के गांवों तक फैल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है। समस्या को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन और पर्यावरण विभाग से हस्तक्षेप की मांग की है। छुरीकला के पास स्थित ग्राम नवागांव झाबू में सीएसईबी द्वारा राखड़ बांध बनाया गया है, जिसमें विद्युत संयंत्र से निकलने वाली रासायनिक युक्त राख डाली जाती है। बांध भर जाने के बाद राखड़ को बाहर निकालकर गांव से सटे मैदानों में लो लाइन क्षेत्रों से ऊपर पहाड़ की तरह डंप किया जा रहा है। राखड़ सूखी होने के कारण तेज हवा के साथ उड़कर ग्रामीण इलाकों में फैल रही है, जिससे लोगों का रहना मुश्किल हो गया है।ग्रामीणों का कहना है कि नियमों के अनुसार राखड़ पर लगातार पानी का छिड़काव अनिवार्य है, लेकिन प्रबंधन और ठेकेदारों द्वारा इसकी अनदेखी की जा रही है। उड़ती राखड़ के कारण गांव में धुएँ और धूल जैसा माहौल बन गया है। लोग राख युक्त खाना-पानी लेने को मजबूर हैं और कई लोग स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। साथ ही कृषि भूमि, जलस्त्रोत और वन संपदा भी प्रदूषण की चपेट में आ रहे हैं।बरसात के मौसम में बांध फूटने की आशंका से ग्रामीणों में डर भी बना रहता है। प्रभावित लोगों और जनप्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर, पर्यावरण संरक्षण मंडल कोरबा और मुख्य अभियंता सीएसईबी कोरबा पश्चिम को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो आंदोलन की तैयारी की जाएगी।



## ग्राम पंचायत हरदीबाजार में 'मितानीन दिवस'मनाया गया

**हरदीबाजार//कोरबा ।** छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ मितानिनों के अतुलनीय योगदान को सम्मानित करने के लिए आज ग्राम पंचायत हरदीबाजार में मितानीन दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया यह आयोजन मितानिनों के समर्पण सेवा भावना और सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करने के उद्देश्य से किया गया ।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के प्रमुख पदाधिकारियों सहित मितानिनों की सक्रिय भागीदारी रहीसरपंच लोकेश्वर कंवर ने अपने संबोधन में मितानिनों को स्वास्थ्य योद्धा बताते हुए उनके अथक प्रयासों की सराहना की, ?उपसरपंच रेखा (रामू) जायसवाल ने मितानिनों को समाज का अभिन्न अंग बताते हुए उनसे जुड़ी चुनौतियों को कम करने के लिए पंचायत के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया ।कार्यक्रम में सचिव बिसाहू राम, पंच मोहन खाडे, राजेनद जगत, और श्रीमती श्याम बाई समारु एवं कृष्णा की गरिमामय उपस्थिति रही ।सम्मानित मितानिन समूह इस अवसर पर ग्राम के घर-घर तक स्वास्थ्य सुविधाओं को पहुंचाने वाली कर्तव्यनिष्ठ मितानिनों का सम्मान किया गया इनमें प्रमुख रूप से एमटी (मास्टर ट्रेनर) विमला कलिहारे मितानीनें अनुसुईया राठौर, नागेश्वरी, कदम बाई, सुकृत राठौर, अंजली यादव, और निलम पटेल ।सरपंच लोकेश्वर कंवर ने कहा मितानीन हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं कोरोना महामारी से लेकर सामान्य टीकाकरण तक उन्होंने हमेशा अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर हमारी सेवा की है ग्राम पंचायत हरदीबाजार उनके निस्वार्थ भाव के लिए सदैव ऋणी रहेगी ।कार्यक्रम का समापन मितानिनों के सम्मान और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ जिसमें सभी उपस्थित जनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य को मजबूत करने का संकल्प लिया ।

## कमला नेहरू कॉलेज के MSW स्टूडेंट्स ने किया अपना घर सेवा आश्रम का भ्रमण, शिक्षा के साथ समाजिक दायित्वों से हुए रूबरू



**कोरबा।** समाज में पीड़ित लोगों का दर्द और राहत की राह समझने कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा के एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट्स बेबअपना घर सेवा आश्रम का भ्रमण किया। वहां उन्होंने समाज कार्य की मूल भावना को प्रत्यक्ष रूप से देखा और सेवा के लिए जीवन समर्पित करने वाले युवा स्वयंसेवियों की जिम्मेदारियों से भी रूबरू हुए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर ने बताया कि समाज कार्य में प्रोफेशनल करियर स्थापित करने के लिए सामाजिक गतिविधियों की विधि और प्रबंधन को समझना आवश्यक है। यही लक्ष्य लेकर मास्टर ऑफ सोशल वर्क (एमएसडब्ल्यू) की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से जिले में चल रहे सामाजिक सेवा के कार्यों से रूबरू कराया जा रहा है। इसी कड़ी में कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा के एमएसडब्ल्यू प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर एवं द्वितीय वर्ष तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने अपना घर सेवा आश्रम का भ्रमण किया। संस्था द्वारा संचालित आश्रय केंद्र में आश्रय पाने वालों के साथ वक्त बिताया, उनका हाल चाल जाना और उनकी देखरेख करने वाले अपना घर सेवा आश्रम के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियों को समझने का भी प्रयास किया। युवा स्वयंसेवी राणा मुखर्जी ने इन विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान कर उनका मार्गदर्शन किया। यह शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम एमएसडब्ल्यू विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ विमला सिंह एवं श्रीमती कविता पटेल के मार्गदर्शन में किया गया। आश्रम में रह रहे मानसिक, शारीरिक, आर्थिक एवं सामाजिक रूप से पीड़ित लोगों के जीवन की कठिन स्थिति में आश्रम और संस्था किस प्रकार से सहायक बन रही है, इस संबंध में जानकारी प्राप्त कर व्यावहारिक अध्ययन किया गया। एमएसडब्ल्यू के साथ इस शैक्षणिक भ्रमण में समाज शास्त्र विषय की शिक्षा प्राप्त कर रहे विभिन्न कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र छात्राएं भी उपस्थित रहे। एमएसडब्ल्यू श्रुति यादव, मुस्कान राजपूत, पूजा केंवट, गौरी नेताम, विनीता नायक, धारणा केंवट, करुणा लहरे, बीए अंतिम वर्ष (समाजशास्त्र) से शताब्दि रॉय, मेघा तिवारी, भूमिका राजपूत, पूजा कंवर, चांदनी कुमारी, करिश्मा पटेल, कुसुम पटेल, कृषम सिन्हा, लक्ष्मी बरेठ इस भ्रमण में शामिल रहे।

## भगवान भाई ने कहा यह कारागृह नही बल्कि सुधारगृह है

**कोरबा।** यह कारागृह नही , बल्कि सुधारगृह है । इसमें आपको स्वयं में सुधार लाने हेतु रखा हुआ है , शिक्षा देने हेतु नहीं । इस कारागृह को संस्कार परिवर्तन का केंद्र बना लो इस मे एक दुसरे से बदला लेने के बजाए स्वयं को बदलना है बदला लेने से समस्या और ही बद जाती है उक्त उदगार माउंट आबू राजस्थान से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय से आये हुए ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने कहे वे जिला कारागृह (जेल) में बंद कैदियों को कर्म गति, व्यवहार शुद्धि से अपराध मुक्त जीवन विषय पर बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि कारागृह के इस एकांत स्थान पर बैठकर स्वयं को परिवर्तन करने के लिए सोचों कि मैं इस संसार में क्यों आया हूं मेरे जीवन का उद्देश्य क्या हैं , मुझे परमात्मा ने किस उद्देश्य से यहां भेजा है मैं यहां आकर क्या कर रहा हूं ऐसी बातों का चिंतन करने से संस्कार , व्यवहार परिवर्तन होगा । उन्होंने कहा कि यह कारागृह आपके जीवन को सुधार लाने हेतु तपोस्थल है भगवान भाई ने कैदियों को कहा कि बदला लेने के बजाय स्वयं को ही बदलकर दिखाने की प्रवृति रखनी है । उन्होंने कहा कि हम किसके बच्चे हैं जिस परमात्मा के हम बच्चे हैं , वह तो शांति का सागर , दयालू , कृपालू , क्षमा का सागर है । हम स्वयं को भूलने से ऐसी गलतियां कर बैठते हैं । उन्होंने कहा कि हम ऐसा कोई कर्म ना करें जिस कारण धर्मराज पूरी में हमें सिर झुकाना पडे , पछताना पडे , रोना पडे । स्वयं के अवगुण या बुराईयां हैं उसे दूर भगाना हैं , ईर्ष्या करना , लड़ना , झगड़ना , चोरी करना , लोभ , लालच , यह मनोविकार तो हमारे दुश्मन हैं । जिसके अधिन होने से हमारे मान , सम्मान को चोट पहुंचती हैं । जिस भूलो के कारण हम यहा आये है उस भूलो को या बुराईयां दूर करना है तो हमारे अंदर की अपराधिक प्रवति में परिवर्तन आएगा । इन अवगुणों ने और बुराईयों ने हमें कंगाल बनाया इससे दूर रहना है । जीवन में नैतिक मूल्यों की धारणा करने की आवश्यकता है । जीवन में सद्गुण न होने के कारण ही समस्याएं पैदा होती है।

उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन बड़ा अनमोल होता है। उसे व्यर्थ कर्म कर व्यर्थ ऐसा ही नहीं गंवाना चाहिए । मजबूरी को परीक्षा समझकर उसे धैर्यता और सहनशीलता से पार करना हैं , तो अनेक दु:खो और धोखे से बच सकते हैं । जीवन में परिवर्तन लाकर श्रेष्ठ चरित्रवान बनने का लक्ष्य रखना है। तब कारागार आपके लिए सुधारगृह साबित होगा। अंहमारे जीवन से काम ,क्रोध,लोभ ,मोह अहंकार, इर्ष्या, नफरत आदि बुराई को अपने जीवन से खदेड़कर हमें अपने आंतरिक बुराईयों को निकालना हैं । उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने यह देश हमारे लिए स्वतंत्र बनाकर खुशी , आनंद में रहने के लिए दिया है

भगवान भाई ने कहा कि जो जैसा करता है वैसा फल पाता है। हमारे मन में पैदा होने वाले विचार कर्म से पहले आते हैं। उन्होंने बन्दियों को बताया कि बीती बात को भुला देना चाहिए तथा आगे की सोचनी चाहिए कि हे परमात्मा मेरे से कोई बुरा कार्य न हो। गलती करने वाले से माफ करने वाला बडा होता है। बदला लेने वाला दूसरों को दुख देने से पहले अपने आप को दुख देता है। सभी इंसान ईश्वर की संतान है तथा सभी एक महान आत्मा है, सभी संसार में अपना-अपना कर्तव्य करने के लिए आते हैं। अत: प्रत्येक व्यक्ति को यही सोचना चाहिए कि मुझे अच्छे कर्म करने के लिए संसार में जन्म लिया है, न कि बुरे कर्म करने के लिए। अत: हमें सदैव अच्छे कर्म करने चाहिए।

ज़ स्थानीय ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से राजयोग शिक्षिका बीके स्मृति बहन जी ने बताया कि विकार और नशा जो भगवान से वेमुख कर देती है। जैसे हमारे से भूले हो जाती हैं। सकारात्मक विचारों से तन-मन में खुशी शान्ति आ जाएगी व सर्व मनोकामनाएं पूर्ण हो जाएगी ।ज़ जेल अधीक्षक जी ने भी अपने सम्बोधन में बन्दियों को बताया कि आप जैसा सोचोगे वैसा ही बन जाओगे। अत: हमें सदैव अच्छा सोचना चाहिए तथा बुरी आदत को छोड़ देना चाहिए ।

अंत में उन्होंने ब्रह्माकुमारीज सस्था ऐसे कार्यक्रमों के लिए धन्यवाद दिया ।ज़ जेल अधीक्षक अमितेश साहू ने बताया कि बताई बातों को अपने जीवन में प्रयोग करोगे तो अवश्य ही आप बुरी आदतों को छोड दोगे तथा अपने आप अच्छा सोचने लगेंगे और जेल से छुटने के बाद अच्छे नागरिक की तरह जीवन यापन करेंगे। कार्यक्रम के अंत में आपराध मुक्त बनने , मनोबल बढाने , बुरी आदतों को छोड़ने और सस्कार परिवर्तन के लिए भगवान भाई ने कॉमेंट्री द्वारा मेडिटेशन राजयोग कराया बीके उदय भाई ने भगवान भाई का परिचय देते हुए कहा कि भगवान भाई जी ने 1200 अधिक जेलों में अपराध मुक्ति का पाठ पढ़ाया है जिस कारण उनका नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है ।बीके मनोज भाई भी उपस्थित थे। शुरुवात में बी के भगवान भाई का स्वागत किया

## 'मतदाता सूची अपडेट की मुहिम तेज: घर-घर पहुँच कर गणना पत्रक वितरित कर रही हैं बीएलओ मालती सारथी '

**कोरबा ।** लोकतंत्र की बुनियाद को और मजबूत करने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य जोर-शोर से जारी है। जिले में कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देशन में यह अभियान सुव्यवस्थित रूप से संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक वितरित कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के भाग क्रमांक 176 में बीएलओ श्रीमती मालती सारथी और मितानीन द्वारा लगातार घर-घर पहुँचकर मतदाताओं को गणना पत्रक दिए जा रहे हैं। श्रीमती सारथी न केवल फार्म प्रदान कर रही हैं, बल्कि उनमें भरी जाने वाली आवश्यक जानकारी तथा संलग्न किए जाने वाले दस्तावेजों के बारे में भी मतदाताओं को विस्तार से समझा रही हैं। साथ ही वह मतदाताओं की समस्याएं भी सुन रही हैं और उनका समाधान सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही हैं। मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए उन्होंने अपना संपर्क नंबर भी उपलब्ध कराया है, जिससे नागरिक आसानी से उनसे जानकारी प्राप्त कर सकें। विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य अधिकाधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़ना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक प्रभावशाली बनाना है।

## किसान मंगली बाई धान खरीदी को लेकर है उत्साहित

**कोरबा।** जिले के पाली ब्लॉक के अंतिम छोर से लगे ग्राम सिस की कृषक मंगली बाई इस वर्ष होने वाली धान खरीदी को लेकर विशेष उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि उनके परिवार के सभी सदस्य खेती-किसानी के कार्यों में मिल-जुलकर सहयोग करते हैं। परिवार के सदस्य प्रदीप कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष समर्थन मूल्य पर लगभग 102 क्विंटल धान की बिक्री कर परिवार को अच्छी आमदनी हुई थी। समय पर मिले भुगतान ने खेती को मजबूती देने के साथ ही परिवार की आर्थिक स्थिति को भी स्थिर किया। इस समय खेतों में धान कटाई के कार्य जारी हैं और मंगली बाई अपने परिवार के साथ फसल का मूल्यांकन कर रही हैं। घर के आंगन में मिंजाई का काम चल रहा है और पूरे परिवार के चेहरों पर इस वर्ष की खरीदी को लेकर नई उम्मीदें दिखाई दे रही हैं। मंगली बाई ने बताया कि पिछले वर्ष समय पर भुगतान मिलने से उन्होंने खेती के लिए बेहतर बीज, खाद और अन्य आवश्यक कृषि सामग्री खरीद पाईं। साथ ही परिवार की दैनिक जरूरतें भी आसानी से पूरी हो सकीं। इस वर्ष भी उन्हें उम्मीद है कि धान खरीदी से बेहतर आर्थिक लाभ मिलेगा। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा धान का सर्वाधिक खरीदी मूल्य, डीबीटी के माध्यम से त्वरित भुगतान, और खरीदी केंद्रों के बेहतर प्रबंधन ने किसानों के बीच भरोसा और उत्साह बढ़ाया है।

## पूर्व पर्षद आरती-विकास अग्रवाल द्वारा मितानिनों का किया गया सम्मान



**कोरबा ।** नगर पालिक निगम कोरबा वार्ड क्र. 3 साकेत नगर के पूर्व पार्षद श्रीमती आरती अग्रवाल एवं विकास अग्रवाल ने तुलसीनगर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर, हमर क्लीनिक के प्रांगण में वार्ड की मितानिनों का सम्मान किया। बतौर अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष श्रीमती ज्योति वर्मा, मण्डल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, उपाध्यक्षद्वय सूरज पाण्डेय, रिपु जायसवाल, हमर क्लीनिक के मेडिकल आफिसर डॉ. उपासना साहू, कोआर्डिनेटर नर्मदा मैत्री, एमटी सरिता कहरा, श्रीमती ज्योति वर्मा, पार्षद पुत्र सुदेश चंद्रा आदि उपस्थित थे।भाजपा नेता सह पूर्व पार्षद विकास अग्रवाल ने कहा कि आज मितानिन दिवस पर सभी मितानिनों को शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि आज के भौतिक युग में बिना वेतन, सिर्फ प्रोत्साहन राशि से ही चौबिसों घंटे स्वास्थ्य सेवा के लिए तत्पर रहना कम बड़ी बात नहीं है। इस अद्भुत सेवा कार्य को मितानिन अंजाम दे रहे हैं और बुजूर्गो को बेटी बनकर, सह उम्र के लोगों को दोस्त बनकर और छोटों को मां का वात्सल्य देकर सेवा कर स्वास्थ्य के क्षेत्र में स्तंभ बनकर अपने-अपने क्षेत्र को स्वस्थ मोहल्ला और वार्ड बनाने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि साकेत नगर वार्ड में 6 मितानिन अपनी सेवाओं से सबको स्वास्थ सेवा प्रदान कर रही हैं। हमारा भी कर्तव्य बनता है कि हम उन्हें प्रोत्साहित करें और उनका जो सम्मान है, सम्मान दें। सम्मान देने से सेवाकार्य में और प्रोत्साहन मिलता है। आज हमारे बीच अतिथियों के हाथों सम्मान पाकर मितानिन सेवा कार्यों को और विस्तार देंगे। भाजपा सरकार सभी वर्ग की सुध लेती है। आगे केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकार मितानिनों के बेहतर भविष्य के लिए कुछ न कुछ अवश्य करेगी और हमारा भी प्रयास होगा कि मितानिनों की आवाज सरकार तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जिस तरह से मितानिनों ने संघर्ष किया और घर-घर जा कर लोगों की सेवा की, यह अद्भुत रहा। हम ऐसे मितानिनों को प्रणाम करते हैं।भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष, पूर्व एल्डरमेन श्रीमती ज्योति वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सिर्फ प्रोत्साहन राशि से सेवा के इतने बड़े कार्य को आगे बढ़ाने में मितानिनों का अहम योगदान है। यूं कहें तो मितानिन हमारे रक्षक हैं। कार्यक्रम को भाजपा जिला उपाध्यक्ष मंजू सिंह ने भी सम्बोधित किया और कहा कि मितानिनों को ओहदे से नहीं बल्कि उनके सेवा कार्यों से पहचाना जाना चाहिए। मितानिनों का कार्य ईश्वरीय कार्य है और उनके कार्य उनका सम्मान और बढ़ा देता है।

हमर क्लीनिक-आयुष्मान आरोग्य मंदिर तुलसीनगर की मेडिकल आफिसर डॉ. उपासना साहू ने मितानिनों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में आधार स्तंभ बताया और कहा कि सिर्फ प्रोत्साहन राशि पा कर ही ये बड़े दिल रखकर हर वर्ग के लोगों की सेवा करते हैं, यह सेवाकार्य अतुलनीय है। मितानिन कोआर्डिनेटर श्रीमती नर्मदा मैत्री ने कहा कि सरकार द्वारा हमें अवैतनिक रखा है और हम कुछ प्रोत्साहन राशि से सेवा कार्य करते हैं।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व सांसद स्व. डॉ. बंशीलाल महतो, वरिष्ठ चिकित्सकों का किया गया सम्मान



**कोरबा ।** राजनीति के भीष्म पितामह माने जाने वाले पूर्व सांसद स्व. श्री डॉ. बंशीलाल महतो के छठी पुण्यतिथि पर गीतांजलि भवन पुराना बस स्टैंड कोरबा में आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत और सभापति नूतनसिंह ठाकुर ने स्व, श्री बंशीलाल महतो के जीवन मूल्यों और आदर्शो को याद किया। स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिक निगम, रेडक्रॉस सोसायटी और न्यु कोरबा हास्पीटल के सहयोग से डॉ. महतो के स्मृति में आपातकालीन चिकित्सा जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनप्रतिनिधियों और नागरिकों को हार्ट स्ट्रोक, ब्रेन हेमरेज आदि बिमारियों के लक्षण और तात्कालिक उपचार के बारे में जानकारी व प्रशिक्षण दिया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत शामिल हुई। कार्यक्रम अध्यक्ष सभापति नूतनसिंह ठाकुर, विशिष्ट अतिथि के रूप में रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष राम सिंह अग्रवाल, सीएचएमओ एस.एन. केशरी, चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष योगेश जैन, एनकेएच डायरेक्टर डॉ. शोभराज चंदानी, डॉ. सुरजीत सिंह, डॉ. विवेक रंजन महतो उपस्थित रहे। अतिथियों ने स्व. श्री डॉ. महतो के श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कोरबा के विकास में उनके योगदान को याद किया। महापौर संजू देवी राजपूत ने कहा कि सांसद के रूप में कोरबा के विकास में डाक्टर महतो का योगदान अतुलनीय है, सेवाभावी व्यक्तित्व, सरल जीवन शैली के कारण वे आम जनता से सीधे जुड़े हुए थे। सभापति नूतनसिंह ठाकुर ने कहा कि स्व. श्री डॉ. बंशीलाल महतो गरीबों के मसीहा थे, युवाओं और छात्रों को उन्होंने हमेशा प्रेरित किया। उनका जीवन और आदर्श युवाओ को हमेशा प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामसिंह अग्रवाल और डॉ. विवेक रंजन महतो ने स्व. श्री डॉ. बंशीलाल महतो के जीवन पर प्रकाश डाला।

## सूर्य से रोशन हुआ राधेश्याम राज का घर

**कोरबा ।** विद्युत संभाग पाली अंतर्गत ग्राम सिस में रहने वाले राधेश्याम राज के घर कुछ महीने पहले ही प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत सोलर पावर प्लांट स्थापित किया गया है। राधेश्याम राज बताते हैं कि उनके घर में परिवार बड़ा है और विद्युत उपकरण भी अधिक चलते हैं, जिसके कारण हर महीने बिजली का बिल काफी अधिक आता था।जब उन्हें जानकारी मिली कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर योजना में सब्सिडी प्रदान की जाती है और प्लांट स्थापना में भी विभागीय टीम घर पर आकर सहायता करती है, तो उन्होंने इसे भविष्य के लिए एक बेहतर विकल्प माना और अपने घर में सोलर पावर प्लांट लगाने का निर्णय लिया।

# एसआईआर छिन लेगा मताधिकार ...!

**विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2025 के 20 दिन पूरे,दावा : 04 नवंबर 2025 से 04 दिसंबर 2025 के बीच बंद घरों में भी तीन बार पंहुचेंगे बीएलओ**

**हकीकत : कलेक्टर के संज्ञान में होने के बाद भी जिला मुख्यालय के नहरिया बाबा मुख्य मार्ग स्थित इस घर में एक बार भी नहीं पंहुचे बीएलओ**

**जांजगीर-चांपा।** तस्वीर में नजर आ रहा यह घर ना ही पाकिस्तान में स्थित है और ना ही इस घर में विदेशी घुसपैठिए रहते हैं, यह घर कोई आजकल का बना भी नहीं है, और ना ही दूरस्थ अंचलों में ऐसी जगह बना है जहां तक पंहुचना नामुमकिन हो, छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिला मुख्यालय में वार्ड नं. 08 में नहरिया बाबा मुख्य मार्ग में नहर किनारे यह घर स्थित है जिसमें जिले के वरिष्ठ पत्रकार राजेश सिंह क्षत्री अपने परिवार के साथ निवास करते हैं। इस घर में अब तक कोई बीएलओ नहीं पंहुचा जबकि एसआईआर प्रारंभ होने से पहले कलेक्टोरेट में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कलेक्टर ने कहा था कि एसआईआर के एक माह में बंद घरों में भी तीन बार बीएलओ पंहुचेंगे। यह स्थिति तब है जब पूरा मामला पहले ही कलेक्टर के संज्ञान में लाया जा चुका है।



04 नवंबर 2025 से प्रारंभ होने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के प्रारंभ होने से ठीक पहले कलेक्टोरेट जांजगीर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में जिले के कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने एसआईआर के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला था। उक्त प्रेस कांफ्रेंस में जब बीएलओ की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए पत्रकारों की ओर से बताया गया कि बीएलओ घर घर नहीं जाते बल्कि एक ही स्थान पर बैठकर कार्य को अंजाम देते हैं, जिसकी वजह से ही मतदाता सूची में त्रुटियां रह जाती है, तब कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने बताया था कि 04 नवंबर 2025 से 04 दिसंबर 2025 के बीच जिले के हर घर में बीएलओ घर घर पंहुचेंगे, कोई घर यदि बंद भी पाया जाता है तब भी बीएलओ तीन बार उस घर में जाएंगे। वहीं जिला मुख्यालय के वार्ड नंबर 8 में शिव मंदिर के पास, नहर किनारे, नहरिया बाबा मुख्य मार्ग में स्थित वरिष्ठ पत्रकार राजेश सिंह क्षत्री के घर में एसआईआर प्रारंभ होने के 15 दिवस के भीतर भी जब कोई बीएलओ नहीं पंहुचे तब उन्होंने 19 नवंबर 2025 की सुबह 10.17 बजे मैसेज के माध्यम से इसकी जानकारी जांजगीर-चांपा कलेक्टर जन्मेजय महोबे को दी जिसके थोड़ी देर बाद ही सुबह 11.38 बजे तहसील आफिस जांजगीर के कर्मचारी उज्जवल तिवारी ने फोन कर उनका इपीक नंबर लिया वहीं एसआईआर प्रारंभ हुए 20 दिन हो जाने के बाद भी अब तक उक्त निवास पर आज तक बीएलओ अथवा निर्वाचन कार्य में लगा कोई भी कर्मचारी अधिकारी नहीं पंहुचा है।

उक्त प्रेस कांफ्रेंस में कलेक्टर की ओर से जानकारी दी गई की एसआईआर 2003 के मतदाता सूची को आधार मानकर की जा रही है। प्रेस कांफ्रेंस में ही जब उनसे पूछा गया कि 2003 में कोई मतदाता किसी अन्य वार्ड का निवासी हो और अभी किसी अन्य वार्ड का, अथवा मतदाता सूची में मतदाता का नाम किसी अन्य वार्ड में हो और वर्तमान मे निवास किसी अन्य वार्ड में हो, तब क्या होगा, इस पर कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने बताया था कि ऐसी स्थिति में मतदाता शिफ्टेड में आएगा और वर्तमान में मतदाता जिस पते पर रहता है वहां जब बीएलओ पंहुचेंगे तो उसे फार्म 6 और फार्म 7 भरना होगा, इससे अच्छा वह फार्म 8 भर ले जिससे कि जैसे ही उसका नाम इस वार्ड में दर्ज होगा, पुराने वार्ड अथवा पुराने स्थान की मतदाता सूची से उसका नाम आटोमेटिक डिलिट हो जाएगा।

**अंतिम चुनाव तक वोट दिया, फिर कब कटा नाम ?**

पत्रकार राजेश सिंह क्षत्री द्वारा जब 19 नवंबर को कलेक्टर जन्मेजय महोबे को मैसेज के माध्यम से जानकारी दी गई कि वह पिछले 15 वर्षो से (वर्तमान में भी) अपने परिवार के साथ जिस घर में रह रहे हैं वह जांजगीर में नहरिया बाबा मुख्य मार्ग में नहर किनारे, वार्ड नंबर 8 में शिव मंदिर के पास मौजूद है जहां आज तक कोई बीएलओ नहीं पंहुचा है जिसकी वजह से उनका नाम अभी भी वार्ड नं. 16 के मतदाता सूची में मौजूद है। उनका संयुक्त परिवार वाला घर है, जिसमें हमेशा कोई ना कोई मौजूद रहते हैं, लेकिन एसआईआर के 15 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक बीएलओ नहीं पंहुचा, उसके थोड़ी देर बाद ही तहसील कार्यालय जांजगीर से उज्जवल तिवारी का फोन आया जिसने उनके वार्ड नंबर 16 स्थित पुराने मकान की जानकारी ली कि वो वार्ड नंबर 16 में पहले कहां पर रहते थे, जब उन्हें बताया गया कि उनके घर के पास में ही रहते थे। तब उनका कहना था कि बीएलओ का कहना है कि उनका नाम तो वार्ड नंबर 16 के मतदाता सूची से कट गया है। इस पर राजेश सिंह क्षत्री द्वारा उन्हें बताया गया कि इतने सालों तक तो उनका नाम वार्ड नंबर 16 की मतदाता सूची में था और अब तक हुए सभी चुनावों में वो अपने मताधिकार का प्रयोग करते आए हैं। 2023 में हुए विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने अपना वोट डाला है, उसके बाद सबसे अंत में हुए नगरीय निकाय चुनाव में भी उन्होंने अपने मताधिकार का उपयोग किया है, उसके बाद तो कोई चुनाव नहीं हुआ है, अब कलेक्टर को मैसेज करने के बाद उनका नाम बीएलओ ने काट दिया हो वह अलग बात है। इस पर उज्जवल तिवारी ने उनसे इपिक नंबर मांगा, इपिक नंबर लेने के बाद उनकी ओर से फिर संपर्क नहीं किया गया।

**जब एक-दो साल पहले आने वाले अधिकारी जिले के मतदाता तो मैं क्यों नहीं .... ?**

राजेश सिंह क्षत्री कहते हैं कि हमारे देश का संविधान 18 वर्ष से ऊपर के सभी नागरिक को मत देने का अधिकार प्रदान करता है, एसआईआर के बाद भी एक दो साल पहले जिले में आने वाले कलेक्टर, एसपी, एसडीएम, तहसीलदार आदि सभी जिले के मतदाता रहेंगे तो मैं क्यों मताधिकार से वंचित रहूंगा, जबकि मेरा पूरा जीवन ही यहीं बीत गया, 2003 की मतदाता सूची में भी यहीं मेरा नाम दर्ज है। वार्ड नं. 16 का बीएलओ इस वार्ड में ये नहीं रहते कहकर नाम काट देगा, वार्ड नं. 08 का बीएलओ अपने पास मौजूद मतदाता सूची में मेरा नाम नहीं है कहकर गणना पत्रक नहीं देगा, जिला निर्वाचन अधिकारी के संज्ञान में मामला लाए जाने के बाद भी जवाबदारों के कानों पर जूं नहीं रेंगेगी तब तो एसआईआर मेरा मताधिकार ही छिन लेगा।

## स्वामी आत्मानंद शासकीय महामाया विद्यालय पामगढ़ में हुआ आयोजन

**पामगढ़।** सरस्वती सायकल योजना के तहत स्वामी आत्मानंद शासकीय महामाया उमावि पामगढ़ में हिंदी माध्यम के 22 एवं अंग्रेजी माध्यम के 32 छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल वितरण किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि इस योजना के माध्यम से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष गौरी छोटू जांगड़े, जनपद अध्यक्ष पामगढ़ रंजना मानेश जांगड़े, जनपद उपाध्यक्ष रमाकांत साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रीति अजय दिव्य, जिला पंचायत सदस्य संतोषी मनोज सहित पाषर्दगण मौजूद रहे।

# चोरों ने सूने मकान व किराना दुकान से 11 लाख के जेवर व 7 लाख नकदी पार

**शादी में बाहर गया हुआ था परिवार, पुलिस जांच में जुटी, डॉग स्क्वॉड व फॉरेंसिक टीम कर रही जांच**

**अकलतरा।** नगर के मुख्य चौक में चोरों ने एक सूने मकान को निशान बनाया है। जहां ताला तोड़कर चोर 11 लाख के जेवर व 7 लाख रुपए नगद रकम ले भागे हैं। नीचे किराना व ऊपर मकान है। नगर में हुई बड़ी चोरी से व्यापारी सहित आम लोगों में हड़कंप मच गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस सीसी टीवी खंगाल रही है। साथ ही डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम भी जांच में जुट गई है।

पुलिस के अनुसार नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित कस्तूरी टेडर्स के संचालक विनय केडिया एक्सिस बैंक के सामने मेन रोड में किराना दुकान है। दुकान के ऊपर ही उनका परिवार निवास करता है। 21 की शाम पूरी अलमारियां टूटी हुई मिलीं और सामान पूरी तरह बिखरा पड़ा था। चोर घर से नकदी एवं आभूषण लेकर फरार हो गए। साथ ही दुकान की ओर टर तोड़कर से गेट के पास से रोलिंग शटर अंदर प्रवेश किए जाने के के भी निशान मिले हैं। पीड़ित के अनुसार चोरों ने लगभग सोने-चांदी के आभूषण भी पार कर लगभग 7 लाख रुपए नगदी तथा दिए।



जिनकी अनुमानित कीमत 11 लाख रुपए है, जो गायब हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द चोरी गए सामान की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। सूचना पर भास्कर शर्मा व उनकी टीम को मिलते ही अकलतरा थाना प्रभारी सायबर सेल की टीम के साथ डॉग स्क्रायड भी मौके पर पहुंचकर पूरे घर में सुराग तलाशने में जुटी हुई है। पुलिस और दुकान परिसर में सर्चिंग कर सभी एंगल से मामले की जांच कर मा रही है।

## ट्रेक्टर ट्राली चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**मालखरौदा ।** थाना मालखरौदा क्षेत्र के ग्राम कनाईडीह निवासी चेतन प्रसाद चंद्रा ने 6 नवम्बर 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई कि ट्रैक्टर ट्राली को 26 वर्ष पूर्व खरीदा था। घर के सामने खड़ीं किया था जो 27 अक्टूबर 2025 के रात्रि में ट्रॉली कीमती 16000 रुपए का घर के सामने में नहीं है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 303 (2) 3(5) बीएनएस कायम कर पतासाजी शुरू किया गया। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जानकारी पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर एवं हरीश यादव अति. पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने का निर्देश दिए, जिस पर टी आई प्रवीण राजपूत द्वारा टीम गठित कर पातासाजी किया गया। इसी बीच पता चला कि संदेही सुमित कुमार चंद्रापिता श्याम चंद्रा उम्र 23 साल ग्राम सुखदा एवं शानू कुमार चंद्रा पिता दुकालू चंद्रा उम्र 20 साल ग्राम सुखदा पुलिस चौकी फगुरम को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने उक्त ट्राली को चोरी करना स्वीकार किया।

## हाइवा की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत

**चांपा।** तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आने से एक बाइक चालक की मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक हाइवा छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है और चालक की तलाश में जुट गई है। घटना भोजपुर मेन रोड चांपा की है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार 23 नवंबर की शाम संजय नगर निवासी 15 वर्षीय आशीष चौहान पिता संतोष चौहान बाइक से निकला था। वह शाम 6 बजे भोजपुर मेन रोड पर पहुंचा था। इसी दौरान तेज रफ्तार हाइवा ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में आशीष की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद हाइवा चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। इधर घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलने पर चांपा पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और भीड़ को शांत कराया। पुलिस ने हाइवा को अपने कब्जे में ले लिया है, जबकि ड्राइवर की तलाश में पुलिस जुटी है। इधर आशीष के शव को पीएम के लिए बीडीएम अस्पताल भेजा गया है।

## यातायात पुलिस ने 77 वाहन चालकों के विरुद्ध की कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** शराबी वाहन चालकों के विरूद्ध यातायात पुलिस ने सख्त कार्यवाही की है। एक ही दिन में 7 शराबी वाहन चालकों को * पकड़ा है। इसके अतिरिक्त बिना हेलमेट के 21, ट्रिपल सवारी 20 एवं तेज गति वाहन चलाने, नो पार्किंग, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने एवं यातायात नियमों का उलंघन करने इस प्रकार कुल 77 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्रवाई कर समान शुल्क चार्ज किया गया। शराबी वाहन चालकों का वाहन को जप्त कर शराबियों के विरुद्ध धारा 185 एमव्ही एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए उचित बचाव के लिए जांजगीर चांपा पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उलंघन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) उदयन बेहार के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा जिले के अलग अलग जगहों हाइवे रोड, अन्य राजमार्गों में यातयात नियमों का उलंघन करने पाए जाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर सघन चेकिंग की जा रही है। यातायात पुलिस ने लोगों से बिना हेलमेट वाहन नहीं चलाने, तीन सवारी से बचेने, शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने, ड्राइविंग के दौरान मोबाइल का उपयोग नहीं करने एवं मॉल वाहक वाहन में सवारी नहीं बैठाने अपील की है।



# गैंगरेप के 3 दोषियों को 25-25 साल के कठिन कारावास की सजा

**सक्ती ।** गैंगरेप के 3 आरोपियों को विशेष न्यायालय सक्ती ने 25-25 साल का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ 10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

अभियोजन के अनुसार प्रार्थी वासुदेव 5 माली पिता पुसराम माली निवासी बसंतपुर थाना डभरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 2 सितंबर 2024 को सुबह - 10 बजे करीब अपने घर से महानदी - के किनारे स्थित रूद्रनारायण मंदिर - गया था। वहां से पूजा पाठ करके -करीब 12 बजे वापस घर आ रहा था। - गांव के राज माली एवं संजय माली घर के पास मिले, उन्होंने बताया कि पीड़िता को बोटलाल माली, गणेश माली एवं मदन सुन्दर माली तीनों मिलकर घर अंदर बहुत समय से लेकर गए है। तब दोनों को अपने साथ लेकर बोटलाल माली के घर अंदर गया। जहां बोटलाल माली अपने घर के परछी में बैठा था, जिसे यहां घर में क्या हो रहा है, पूछने पर वह डर गया। उसी समय मदन, सुन्दर माली कमरा अंदर से बेल्ट कसते निकल रहा था,



जो इनको देखकर घर से भाग गए। तब कमरा अंदर जाकर देखे तो गणेश माली पीड़िता के साथ जबरन शारीरिक संबंध बना रहा था। प्रार्थी को देखकर गणेश माली एवं बोटलाल माली भी घर से निकलकर भाग गया। पीड़िता को पूछताछ करने पर बताई की गणेश माली, बोटलाल माली एवं मदन सुन्दर माली मिलकर जबरदस्ती गंदा काम किए हैं। रिपोर्ट पर थाना डमरा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था।

प्रकरण की विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में विचारण के बाद विशेष न्यायालय फास्ट ट्रैक कोर्ट सक्ती द्वारा आरोपियों को 25-25 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदण्ड जमा नहीं करने की स्थिति में 6 माह अतिरिक्त सश्रम कारावास से दंडित किया गया।

## कलेक्टर ने किया धान खरीदी केंद्र सोंठी एवं झर्रा का औचक निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर जारी धान खरीदी को सुचारू एवं पारदर्शी ढंग से संचालित करने कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने जिले के सोंठी एवं झर्रा धान खरीदी केंद्र का अचानक निरीक्षण किया। कलेक्टर महोबे ने निरीक्षण के दौरान केन्द्र में पायी कमियों को देखते हुए खरीदी सीसीबी नोडल एवं खरीदी केंद्र प्रभारी को पर नाराजगी जतायी। उन्होंने जो व्यवस्थाएं अधूरी हैं उन्हें कल रविवार शाम तक हर हाल में दूर करके संबंधित अधिकारी को रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने खरीदी केन्द्र में रैंडम बारदाना निकलवाकर जांच की। कलेक्टर ने सभी केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि किसानों को बारदाने की समस्या न हो साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि सभी केन्द्रों में बारदाना की उचित व्यवस्था हों। कलेक्टर ने किसानों के लिए उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं जैसे पेयजल, बैठने की सुविधा, छाया और शेड, शौचालय, टोकन वितरण व सत्यापन व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और केंद्र पर आने वाला हर किसान सम्मान और सरल प्रक्रिया के साथ धान खरीदी पूरा करे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, रिकॉर्ड संधारण, तौल व्यवस्था और स्टॉक मैनेजमेंट की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि खरीदी व्यवस्था में किसी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी तकनीकी और भौतिक तैयारियां समय-सीमा में पूरी करें, किसानों को गेट पास, टोकन और तौल में अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े, स्टॉक, नमी परीक्षण, एग्रीस्टैक पंजीयन, यूएफआर, चेकलिस्ट और दस्तावेजों का सटीक संधारण सुनिश्चित हो।

## साइकिल का किया वितरण छात्राओं को

**बलौदा।** शासकीय उमावि हरदी महामाया में 20 नवम्बर को शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुशील चौबे, ग्राम सरपंच सरिता मिरी, प्राचार्य हेमलता गौतम व विद्यालय परिवार की उपस्थिति में 9वीं की छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। विद्यालय की 85 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार शिक्षा को प्राथमिकता पर रखकर छात्राओं के भविष्य को मजबूत बनाने लगातार कार्य कर रही है।

## डभरा मे ब्लॉक स्तरीय 'सांसद खेल महोत्सव' का हुआ समापन

**सक्ती ।** जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशन में जिले के सभी ब्लॉक मे ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत जनपद पंचायत डभरा के ग्राम पंचायत रामभाठा मे ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन कर समापन किया गया। जिसमें 5 जोन गोपालपुर, कोटमी, सकराली, देवरघटा एवं रामभांठा के विजयी प्रतिभागी ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिये। जिसमें एकल प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़, लंबी कुद, गेड़ी दौड़, गिल्ली डंडा एवं दलीय खेल प्रतियोगिता मे कबड्डी, खो-खो, बालीबाल, रस्सा-कस्सी खेल का आयोजन किया गया। सांसद खेल महोत्सव अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वास्थ्य का मूल आधार हैं। सांसद खेल स्पर्धा से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। यह छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाओ को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का एक अनुठा प्रयास हैं। जनपद पंचायत डभरा मे आयोजित ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के समापन अवसर पर श्रीमती संयोगिता यूद्धवीर सिंह जूदेव, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत डभरा श्रीमती अंजू संजू पटेल, ग्राम पंचायत रामभांठा सरपंच श्रीमती डिलेश्वरी, उप सरपंच एवं पंचगण, ग्राम पंचायत रामभांठा, श्री दिनेश बरेठ, श्री नेतराम चन्द्रा, श्री घासीराम अग्रवाल, भूपेन्द्र शंकर पटेल, जितेन्द्र साहू, प्रेमचंद टंडन, सोहन सोने, संजू पटेल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत डभरा श्री सी.के. आदिले, धमेन्द्र पटेल, रेशम लाल पटेल, भोलाराम पटेल, सत्येन्द्र पटेल, प्रेमलाल पटेल, छत्रपाल पटेल, पुनीत साहू, आशीष पटेल, संजय धिरहे सहित कार्यालय जनपद पंचायत डभरा के अन्य सभी अमले, शिक्षा विभाग के व्यायाम शिक्षक, क्रीड़ा शिक्षक, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित प्रत्येक जोन से आये विभिन्न प्रतिभागी, जोन से संबंधित ग्राम के पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक सहित गणमान्य नागरिक व आमजन उपस्थित रहे।



# पंचायत सचिव को किया निलंबित बड़े अफसरों पर कार्रवाई नहीं

**जांजगीर-चांपा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत लछनपुर में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं का मामला सामने आने के बाद सचिव रमाकांत कश्यप को निलंबित कर दिया गया है। आवेदक द्वारा कलेक्टर जनदर्शन में पंचायत निर्माण कार्यों की जांच की मांग की गई थी, इसके बाद जनपद सीईओ बम्हनीडीह द्वारा गठित जांच टीम ने प्राथमिक जांच में वित्त आयोग के 13 कार्यों में लगभग 6 लाख 55 हजार 324 रुपए की अनियमितता पाई गई। सचिव रमाकांत कश्यप के निलंबन के बाद दूसरी स्तर की विस्तृत जांच में और भी गंभीर गड़बड़ियां सामने आई है। जांच रिपोर्ट के अनुसार 14 वें वित्त योजना 2020-21 से 2024-25 के 11 कार्यों और 15 वें वित्त योजना 2020-21 से 2024-25 के 13 कार्यों में कुल 21 लाख 34 हजार 100 रुपए की अनियमित खर्च की पुष्टि हुई है। कई स्थलों पर कार्य अस्तित्व में ही नहीं मिले, जबकि रिकॉर्ड में भुगतान दर्शाया गया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि इन अनियमितताओं के अलावा डीएमएफमद, विधायक मद, प्रभारी मंत्री मद तथा मुख्यमंत्री ग्राम विकास योजना सहित 7 कार्यों के लिए लगभग 12 लाख रुपए अग्रिम राशि आहरित किए गए। लेकिन कई कार्य शुरू तक नहीं किए गए। इन मामलों पर जनपद सीईओ ने 5 जुलाई 2024 को नोटिस जारी किया गया। जिसमें कार्य प्रारंभ कर दो माह के अंदर पूर्ण कराने अन्यथा जारी राशि वसूली के लिए प्रकरण तैयार कर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चांपा को भेजे जाने लिखा गया था लेकिन अब तक कार्य हुआ न तो राशि वसूली हुई।

**इंजीनियर एसडीओ को अभयदान क्यों?**

पंचायतों में विभिन्न योजनाओं के कार्य की मॉनिटरिंग के लिए एसडीओ व इंजीनियरों की ड्यूटी लगाई जाती है। इसके साथ ही स्थानीय सीईओ को भी निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग का जिम्मा रहता है लेकिन अफसर अपने चेंबर से निकलते नहीं। लिहाजा पंचायत सचिव व सरपंच मिलकर खुलकर मनमानी करते हैं। इतना बड़े राशि की गड़बड़ी के मामले में इंजीनियर एसडीओ की संलिप्तता संदिग्ध रहती है। इन्हें केवल चेक काटने समय कमीशन की दरकार रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि बड़ी वित्तीय गड़बड़ियों के बावजूद अब तक कठोर कार्रवाई न होने से भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद है।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत कार्यशाला का किया गया आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत 19 नवम्बर वीरांगना दिवस के अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), जांजगीर, शा0 जाज्वल्यदेव नवीन कन्या महाविद्यायल जांजगीर में वीरांगनाओं से प्रेरणा-समाज में सकारात्मक बदलाव की थीम पर जागरूकता सह कार्याशाला आयोजित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि कार्यशाला में बालिकाओं को भारतीय इतिहास की वीरांगनाओं रानी लक्ष्मीबाई, रानी अवंतीबाई, सावित्रीबाई फुले, मिनीमाता एवं बहादुर कलारिन के जीवन से प्रेरणा लेकर आत्मनिर्भर और सशक्त बनने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि महिलाएँ राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और छात्राओं को भी परिश्रम और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ना चाहिए। साथ ही साइबर बुलिंग, साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग, नवा बिहान, बाल संरक्षण इकाई व चाइल्ड लाइन योजना की जानकारी प्रदान की गई।

## सीजीपीएफ हेतु सिंगल विंडो सिस्टम अपडेट करने टीचर्स एसोसिएशन ने की मांग

**पासबुक संधारण हेतु कटौती शेड्यूल का योग सहित सभी कालम की जानकारी उपलब्ध कराने की मांग**

**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने शिक्षा सचिव स्कूल शिक्षा विभाग छ ग शासन रायपुर, वित्त सचिव वित्त विभाग छ ग शासन, संचालक लोक शिक्षण संचालनालय, संचालक कोष, लेखा एवं पेंशन को पत्र लिखकर सीजीपीएफ पासबुक संधारण हेतु कटौती शेड्यूल का योग सहित सभी कालम की जानकारी सिंगल विंडो सिस्टम में उपलब्ध कराने की मांग की है।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी, सत्येंद्र सिंह जिलाध्यक्ष, डॉ.बोधी राम साहू जिला सचिव, विजय प्रधान जिला संयोजक, आशीष सिंह जिला पर्यवेक्षक, राजकिशोर धीरही ने कहा कि 1 अप्रैल 2022 से सीजीपीएफ की कटौती की जा रही है। एल बी संवर्ग के शिक्षकों को सीजीपीएफ पासबुक संधारण करने के लिए ई कोष में कटौती शेड्यूल का योग सहित सभी कालम की जानकारी सिंगल विंडो सिस्टम में उपलब्ध कराया जावे, जिससे शिक्षकों को वेतन आहरण अधिकारियों से जानकारी लेने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, तथा अपने घर से ही पासबुक का संधारण आसानी से कर सकेंगे।

सीजीपीएफ पासबुक एंट्री शिक्षकों द्वारा किया जाता है, सीजीपीएफ पासबुक संधारण हेतु ई कोष आनलाइन लॉगिन कर सीजीपीएफ लॉगिन में जाने पर सीजीपीएफ स्लिप जिसमें प्रारंभिक शेष, जमा, ब्याज एवं अंत शेष की जानकारी मिलती है तथा व्हाऊचर क्रमांक एवं दिनांक कालम 2 का जानकारी मिलता है। ई कोष आनलाइन लॉगिन कर एम्पलाई कार्नर में ओटीपी बेस्ड इंटर मोबाइल नंबर करने पर एम्पलाई पे स्लिप बिल नंबर एवं डेट कालम नंबर 3 तथा बिल का रकम सकल राशि कालम नंबर 7 एवं शुद्ध राशि कालम नंबर 8 की जानकारी मिलता है, कालम नंबर 10 में मासिक कटौती की जानकारी मिलता है, सीजीपीएफ़ शेड्यूल में प्रोग्रेसिव टोटल की जानकारी मिलता है। कटौती शेड्यूल का योग कालम 9 की जानकारी ई कोष में उपलब्ध नहीं है, यह जानकारी वेतन आहरण अधिकारी द्वारा शिक्षकों को उपलब्ध कराने पर ही सीजीपीएफ पासबुक एंट्री पूर्ण हो पाता है। भुनाने की तारीख कालम नंबर 4 का भी स्पष्ट उल्लेख किया जावे।

## अनमोल वचन......

हिम्मत करना क्षण भर के लिए अपना संतुलन खोना है। हिम्मत न करना खुद को खोना है।

# नीतीश का दांव सटीक पड़ा

*पिछले वित्त वर्ष में जिस राज्य में राजकोषीय घाटा जीएसडीपी के नौ फीसदी से ज्यादा रहा हो और जहां बजट का 64 प्रतिशत हिस्सा फिक्स्ड मदों में जाता हो, वहां ये सवाल अहम है कि अतिरिक्त धन कहां से आएगा। बिहार में चुनाव से ठीक पहले करोड़ों मतदाताओं को नकदी ट्रांसफर करने (या करने का वादा करने) का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का दांव सटीक पड़ा। बेशक, एनडीए के पास बड़ा जातीय समीकरण है, जिससे दो दशक से उसे मजबूत मत आधार मिला हुआ है। फिर भी कल्याणकारी कदमों से 'अतिरिक्त वोट' जुटाने की चुनौती उसके सामने बनी रहती है। इसलिए इस बार विधानसभा चुनाव में उसने बेतुके- जैसे दिखने वाले वादे भी किए। एक आकलन के मुताबिक इससे राज्य सरकार के बजट पर 28,000 करोड़ रुपये का बोझ पड़ा है, जिसका एक बड़ा हिस्सा रेकरिंग (यानी हर साल पड़ने वाला) है।*

*पिछले वित्त वर्ष में जिस राज्य में राजकोषीय घाटा सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के नौ फीसदी से ज्यादा रहा हो और जहां बजट का 60 प्रतिशत हिस्सा फिक्स्ड मदों में जाता हो, वहां ये सवाल अहम बना रहेगा कि ये अतिरिक्त धन कहां से आएगा। चुनाव से पहले वृद्धावस्था एवं विधवा पेंशन में बढ़ोतरी लागू कर और दो लाख रुपये देने की मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 10,000 रुपये का अग्रिम भुगतान तकरीबन डेढ़ करोड़ महिलाओं को करके नीतीश कुमार ने अपने वादों की साख कायम की। इसका असर मतदान में दिखा। मगर अब सवाल बाकी 1,90,000 रुपये देने, पीएम किसान योजना के तहत 3,000 रुपये का टॉप ऑप भुगतान करने, मछुआरा समुदाय को नौ हजार रुपये तक देने, अनुसूचित जाति के छात्रों को हर महीने दो हजार रुपये देने, अति पिछड़ा समुदाय के कुछ हिस्सों को 10 लाख रुपये की सहायता देने, और 1000 रुपये हर महीने बेरोजगारी भत्ता देने का है। क्या इनके लिए धन शिक्षा एवं स्वास्थ्य के अभी ही बेहद कम बजट में कटौती कर जुटाया जाएगा। या बुनियादी ढांचे में निवेश घटाया जाएगा या ऋण का बोझ बढ़ा कर अगली पीढ़ियों के भविष्य को दांव पर लगाया जाएगा। यह निर्विवाद है कि बिना पूंजीगत निवेश में भारी कटौती या ऋण लिए उपरोक्त वादों को निभाना संभव नहीं है। लाभान्वित मतदाता इसके परिणामों की चिंता करें, यह अपेक्षा निराधार है- खासकर तब जबकि रहबर ही सियासी स्वार्थ में हर तार्किक चिंता की बलि चढ़ा चुके हों!*

## राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में उच्च अधिकारियों के द्वारा शुभ समाचार मिलेगा। मित्रों की सहायता से आपको नए-नए कांटेक्ट मिलेंगे। आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने में कामयाब रहेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**वृष राशि :** आज का दिन आपके लिए आनंदायक रहने वाला है। आपको अपनी वाणी की मधुरता को बनाए रखना है। आपके मित्र आपसे मिलने आएगा, जिनसे मिलकर पुरानी यादें ताजा होंगी। छात्र खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे। जो लोग घर से दूर रहकर नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने परिवार की याद आएगी।

**मिथुन राशि :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। प्रतिदिन की दिनचर्या में सैर को शामिल करेंगे, जिससे आप अपने आप को काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। रिश्तेदार आपसे आर्थिक मदद मांग सकते है आप उसे निराश नहीं करेंगे। अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहायता करेंगे। आपका ऊर्जा स्तर ऊंचा रहेगा। आप अपने रुके हुए सभी कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे।

**कर्क राशि :** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। परिवार के सभी लोग मिलकर किसी पार्टी में सम्मिलित होंगे, जहां अन्य लोगों से मेल- मिलाप होगा। किसी खास व्यक्ति से हुई मुलाकात से आपका रुका हुआ काम पूरा करायेगी। आज बच्चे स्कूल का काम पूरा करने के लिए आप से मदद ले सकते हैं। आपके जीवनसाथी का प्यारा बर्ताव आपको खास होने का अनुभव कराएगा।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। संतान को अच्छी नौकरी मिलने से माता-पिता काफी खुश नजर आएंगे। आपको काफी समय से चल रही स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से छुटकारा मिलेगा। बिना किसी अनुभवी शख्स की सलाह के आज ऐसा कोई भी काम ना करें, जिसमें आपको कॉन्फिडेंस न हो।

**कन्या राशि :** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव साराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है। इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है। आज आपको बेवजह की उलझन लेने से बचने की जरूरत है।

**तुला राशि :** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप किसी मनपसंद जगह पर ट्रांसफर ले सकते हैं। आपको उम्मीद से अधिक लाभ की संभावना बढ़ेगी। अगर मन में कोई बात आपको परेशान कर रही है, तो अपने दोस्तों से इस बारे में बात करें, आपको अच्छा सलूशन मिल सकता है। आप जीवनसाथी के साथ छोटी-छोटी बातों में नोंक-झोंक करने से बचें।

**वृश्चिक राशि :** आज आपका दिन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने काम में कुछ नए विचार लाएंगे। आपका सकारात्मक रवैया ही आपको नौकरी में तरक्की दिलाएगा। आपके बॉस आपको एप्रिशिएट करेंगे। आपके सगे संबंधी आपके सहयोग के लिए तत्पर दिखायी देंगे। बिजनेस के लिहाज से की गई यात्राएं आपके लिये लाभकारी होगी। आपकी आर्थिक स्थिति भी बेहतर रहेगी।

**धनु राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी धार्मिक कार्यो में रुचि बढ़ेगी। आज आप किसी विशेष काम का हिस्सा बन सकते हैं। लंबे समय से फंसा हुआ धन आज आपको वापस मिल सकता है। जो लोग स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा।

**मकर राशि :** आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। यदि आप कंस्ट्रक्शन के बिजनेस जुड़े हुए हैं तो आपके के लिए लाभ के योग हैं आप अपने काम में परिवर्तन लाने का मन बना सकते हैं। दांपत्य रिश्ते में मधुरता लेन के लिए आप कुछ नया करेंगे। इस दौरान आप नेगेटिव विचारों से बचें। आज आप बिजनेस मीटिंग अटेंड करने जा सकते हैं। जिसमें आपको सफलता मिलेगी।

**कुंभ राशि :** आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा। समाज में आपके काम को सराहा जायेगा। शाम का समय आप अपने परिवार के साथ बिताएंगे, परिवार में हंसी खुशी का माहौल बना रहेगा।

**मीन राशि :** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप फाइनेंस डिपार्टमेंट या सेल्स में काम करते हैं तो आपको आपकी नॉलेज से काफी फायदा होगा। वैवाहिक जीवन में स्थिति अच्छी रहने वाली है। लेकिन समय के साथ सब ठीक हो जाएगा।

# बिहार में सबसे बड़ी पार्टी बनी भाजपा

//अजीत द्विवेदी//

**बिहार में पहली बार विधायकों की संख्या के लिहाज से भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनी है। यह लंबे प्रयासों और दीर्घकालिक राजनीति का परिणाम है। जिस समय भाजपा बिहार विधानसभा में अच्छे खासे अंतर से दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनती थी तब भी वह तीसरे नंबर की पार्टी के नेता नीतीश कुमार का चेहरा आगे करके राजनीति करती थी। भाजपा के उस समय के प्रदेश और देश के नेताओं को अंदाजा था कि मंडल की राजनीति साधने के लिए उनको एक ऐसे चेहरे की जरुरत है। अब वह जरुरत क्रमशः कम होती जा रही है। इसके कई कारण हैं, जिनमें से एक कारण यह है कि भाजपा का भी लगभग पूरी तरह से मंडलाइजेशन हो गया है।**

बिहार में भाजपा का समूचा नेतृत्व पिछड़ी जाति का है और लंबे समय तक रहने वाला है। राष्ट्रीय स्तर पर भी भाजपा का शीर्ष नेतृत्व पिछड़ी जाति का है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अति पिछड़ी जाति से होने का प्रचार खुद भाजपा ने समूचे उत्तर भारत में किया है। मंडल या पिछड़ी जाति की राजनीति साधने के लिए किसी तीसरी शक्ति की जरुरत भाजपा को इस वजह से भी नहीं है कि क्योंकि नरेंद्र मोदी और अमित शाह की भाजपा ने मंडल और कमंडल को एकाकार कर दिया है। अब राजनीतिक, वैचारिक और सामाजिक दृष्टि से ये दोनों अलग अलग नहीं हैं।

बिहार विधानसभा का इस बार का चुनाव नतीजा बिहार में भारतीय जनता पार्टी को सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत के तौर पर स्थापित करने वाला है। भाजपा को निश्चित रूप से नीतीश कुमार के बनाए वोट आधार का लाभ मिला है और साथ ही नीतीश के सुशासन और व्यक्तिगत रूप से उनकी छवि के कारण भी भाजपा और पूरे एनडीए को फायदा हुआ है। लेकिन इस बात को ध्यान में रखने की जरुरत है कि भाजपा का अपना एक बड़ा मजबूत राजनीतिक आधार बिहार में है। उस वोट आधार के दम पर भले वह अकेले चुनाव जीत कर सरकार बना पाने में सक्षम नहीं हो लेकिन यह हकीकत तो दोनों प्रादेशिक पार्टियों यानी राजद और जदयू के बारे में भी है।

वे दोनों भी अकेले अपने वोट आधार पर के दम पर बिहार में सरकार नहीं बना सकते हैं। अगर अलग अलग तीनों पार्टियों के वोट आधार की बात करें तो 2014 के लोकसभा चुनाव को या 2015 के विधानसभा चुनाव को आधार माना जाएगा। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा, राजद और जदयू तीनों अलग गठबंधन बना कर लड़े थे। उस समय भाजपा को 29.86 फीसदी वोट मिला था। राजद को 20.46 और जनता दल यू को 16 फीसदी वोट मिले थे। 2015 के विधानसभा चुनाव में जब भाजपा अकेले छोटी पार्टियों से गठबंधन बना कर लड़ी तब भी उसे 24.40 फीसदी वोट मिले। उससे पहले 2010 में जब लोजपा से तालमेल करके राजद ने चुनाव लड़ा तो उसे 18.84 फीसदी वोट मिले। पिछले लोकसभा चुनाव में राजद को 22 फीसदी से कुछ ज्यादा वोट मिले थे।

इन पार्टियों के मत प्रतिशत में थोड़ा बहुत ऊपर नीचे का अंतर लड़ी गई सीटों की संख्या के कारण आता है। मोटे तौर पर राजद का अपना वोट आधार 18 से 22 या 23 फीसदी है तो जदयू का आधार 16 से 18 फीसदी का और भाजपा का 20 से 30 फीसदी का है। इस लिहाज से अकेले किसी पार्टी के कोर वोट आधार की बात करें तो वह सबसे बड़ा आधार भाजपा के पास है। उसके पास मोटे तौर पर 24 से 25 फीसदी वोट का आधार है, जो लगातार उसके साथ बना हुआ है। इसमें सबसे बड़ा हिस्सा अत्यंत पिछड़ी जातियों का है और उसके बाद सवर्ण हैं। 2015 के विधानसभा चुनाव में जब भाजपा अकेले लड़ी थी और नीतीश कुमार व लालू प्रसाद साथ मिल कर लड़े थे तब भी चुनाव बाद हुए सर्वेक्षणों से पता चला था कि 52 फीसदी अत्यंत पिछड़ी जातियों का वोट भाजपा को मिला था, जबकि राजद और जदयू को महज 35 फीसदी के करीब ईबीसी वोट मिला था। ईबीसी और सवर्ण के अलावा अब भाजपा ने गैर यादव पिछड़ी जातियों में से सबसे बड़ी सवा चार फीसदी आबादी वाली कोईरी जाति को अपने साथ जोड़ा है। उत्तर प्रदेश में केशव प्रसाद मौर्य और हरियाणा में नायब सिंह सैनी के साथ बिहार में सम्राट चौधरी का नेतृत्व इस मामले में भाजपा को मजबूती दे रहा है। जातीय समूहों से इतर हिंदुत्व का एक मजबूत वोट आधार भाजपा के पास है, जिसमें सभी जातियों के मतदाता शामिल हैं।

इस बार का चुनाव बिहार में भाजपा की राजनीति के लिहाज से वाटरशेड मोमेंट है। नतीजों के बाद भाजपा का मुख्यमंत्री बनना महज वक्त की बात है। इस विधानसभा में किसी समय भाजपा का मुख्यमंत्री बनेगा, जो गैर यादव पिछड़ा चेहरा होगा। सम्राट चौधरी के होने की ज्यादा संभावना इस वजह से है क्योंकि उनके चेहरे से कोईरी, कुर्मी और धानुक का एक करीब 10 फीसदी का मजबूत वोट आधार बनता है, जिस पर नीतीश कुमार ने इतने लंबे समय तक राजनीति की है। एक बार नीतीश कुमार बिहार के राजनीतिक परिदृश्य से हट जाएं तो भाजपा उनके सामाजिक समीकरण को अपने हिंदुत्व व राष्ट्रवाद के साथ मिल कर बिहार की स्थायी रूप से सबसे बड़ी पार्टी बन सकती है, जैसे वह उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश या गुजरात में है। बिहार इसके लिए आदर्श जगह बनती दिख रही है। ध्यान रहे बिहार में लगातार मुस्लिम विधायकों की संख्या घट रही है। लेकिन उसी अनुपात में मुस्लिम वोट का पोलराइजेशन और उसका काउंटर पोलराइजेशन हो रहा है। नीतीश कुमार इसमें बफर का काम करते रहे हैं। उनके रहने से भाजपा का स्पेस कम होता है। मुस्लिम आबादी का भी एक बड़ा हिस्सा इसलिए नीतीश कुमार को वोट करता है क्योंकि उनके रहने से भाजपा को बिहार में उत्तर प्रदेश जैसा खुला मैदान नहीं मिल पाता है। आने वाले दिनों में यह स्थिति बदलेगी। बिहार में 18 फीसदी मुस्लिम आबादी है और असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी के लिए जिस तरह से स्पेस बन रहा है वह भी भाजपा के फलने फूलने का आधार बनेगा।

भाजपा ने उत्तर प्रदेश में हार्डकोर हिंदुत्व की राजनीति करके एक सवर्ण चेहरे पर सामाजिक समीकरण को साधा है क्योंकि वहां सवर्ण आबादी एक चौथाई के करीब है। लेकिन बिहार का मामला अलग है। बिहार में उसे पिछड़े चेहरों से सामाजिक समीकरण साधना है और साथ ही योगी आदित्यनाथ मॉडल की हिंदुत्व की राजनीति भी करनी है। यह काम भी नीतीश कुमार के रहते नहीं हो पाता था। लेकिन अब नीतीश की गौरवशाली राजनीतिक पारी के अंत के शुरुआत हो गई है। उम्र और सेहत के कारण नीतीश धीरे धीरे हाशिए में जाएंगे और चूंकि उनकी पार्टी में न तो उनका कोई स्वाभाविक उत्तराधिकारी सामने आया है और न उनके परिवार से कोई व्यक्ति उनकी विरासत संभालने वाला दिख रहा है। इसका लाभ भारतीय जनता पार्टी ले सकती है।

# विकसित भारत' का गुमशुदा आधा हिस्साः भारत की विकास संबंधी रणनीति के रूप में श्रम संहिताओं का महत्व

//आरती आहूजा तथा कार्तिक एमपी//

**वर्ष 2047 तक भारत को 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना अनिवार्य है। फिलहाल श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी 41.7 प्रतिशत है और विकसित भारत का लक्ष्य इसे बढ़ाकर 70 प्रतिशत तक ले जाना है। लगभग 30-अंकों के इस अंतराल को पाटने का मूल मकसद राष्ट्रीय उत्पादकता को बढ़ाना तथा यह सुनिश्चित करना है कि भारत की विकास गाथा को सिर्फ आधे लोग ही नहीं, बल्कि सभी लोग आकार दें। शिक्षा, डिजिटल सुलभता और उद्यमिता के मामले में हुई प्रगति के बावजूद, अभी भी बहुत सी संभावनाओं का दोहन बाकी है। भारत को एक ऐसा श्रम इकोसिस्टम तैयार करना होगा जो महिलाओं को प्रवेश करने, टिके रहने तथा आगे बढ़ने में समर्थ बनाए और भारत के एकीकृत श्रम संहिताओं का कार्यान्वयन इन प्रणालीगत बाधाओं को दूर करने और समावेशन को उत्पादकता में बदलने का एक दुर्लभ मौका देता है।**

जरा गौर करें - ई-श्रम पर पंजीकृत सीता नाम की उत्तर प्रदेश की एक श्रमिक बच्चों की देखभाल की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं होने के चलते अपने दो बच्चों का पालन-पोषण करते हुए, घर बैठकर एक ठेकेदार के लिए कपड़े सिलती है। इससे उसे एक अनियमित आय होती है। उनके जैसी महिलाओं के लिए, नई श्रम संहिताएं एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम साबित हो सकती हैं। पास की एक कपड़ा फैक्ट्री अब औपचारिक अनुबंधों के साथ अलग-अलग पालियों में काम करने के लिए महिलाओं की भर्ती कर रही है। पहली बार, भारत के श्रम कानूनों का ढांचा सीता जैसी लाखों महिलाओं के लिए बाधक होने के बजाय उनका संबल बनने के लिए तैयार है। वर्ष 2019 और 2020 के बीच अधिनियमित श्रम संहिताएं 29 बिखरे कानूनों को चार सुव्यवस्थित ढांचों - मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा, पेशेगत सुरक्षा और औद्योगिक संबंध संहिताओं - में समेकित करती हैं। यह विधायी मंशा साहसिक है और अब अनेक राज्य तेजी से इन्हें लागू करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। भारत के पास इस मंशा को प्रभाव में बदलने का एक महत्वपूर्ण मौका है और यह प्रभाव कुछ इस किस्म का है।

सामाजिक सुरक्षा संहिता मातृत्व, स्वास्थ्य बीमा, पेंशन और बच्चों की देखभाल से जुड़े पहलुओं को शामिल करते हुए गिग और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए एक राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा बोर्ड की स्थापना करती है। ई-श्रम पोर्टल पर 30.6 करोड़ से अधिक श्रमिक पंजीकृत हैं, जिनमें से 53 प्रतिशत यानी 16 करोड़ महिलाएं हैं। इस पोर्टल और आधार आधारित यूएएन के बीच का जुड़ाव (लिंकेज) इन हकों को किसी भी स्थान पर और किसी भी क्षेत्र (सेक्टर) में दिलाया जाना संभव बनाता है। यह बुनियादी ढांचा बच्चे के जन्म या देखभाल जैसे जीवन के प्रमुख बदलवों के दौरान होने वाली क्षति को कम कर सकता है।

दृश्यता तो महज पहला कदम भर है। पंजीकरण को कल्याणकारी वितरण प्रणालियों से जोड़ने की प्रक्रिया में तेजी लाई जानी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिलाओं के पास सिर्फ पहचान पत्र ही नहीं हो, बल्कि उन्हें वास्तविक सहायता भी मिले। इससे महिलाओं को उनके रोजगार चक्र में सुरक्षित व टिकाए रखने के तौर-तरीकों को नए सिरे से परिभाषित किया जा सकेगा।किसी भी महिला से अगर नौकरी छोड़ने की वजहों के बारे में पूछिए, तो अक्सर एक ही जवाब मिलेगा - बच्चों की देखभाल। पेशेगत सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कामकाज की स्थिति से संबंधित संहिता इसी समस्या से निपटती है। यह देश के लगभग 62 प्रतिशत श्रमिकों को रोजगार देने वाले सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के समूहों को संयुक्त रूप से क्रेच स्थापित करने, देखभाल की लागत को वितरित करने और इसे अनुपालन संबंधी बोझ से हटकर एक सक्षमकारी आर्थिक अवसंरचना में परिवर्तित करने में सक्षम बनाती है। राज्यों को अब उद्योग संघों के साथ मिलकर इन क्रेचों को बड़े पैमाने पर संचालित करना होगा। विशेष रूप से औद्योगिक गलियारों और एसईजेड में, ताकि किसी भी मां को नौकरी और अपने बच्चे की देखभाल के बीच चुनना न पड़े।ओएसएच संहिता की धारा 43 महिलाओं को किसी भी क्षेत्र में काम करने की अनुमति देती है। इसमें शाम 7 बजे से सुबह 6 बजे तक की रात की पाली और यहां तक कि खदानों में काम करना भी शामिल है, बशर्ते उनकी सहमति हो और पर्याप्त सुरक्षा संबंधी उपाय सुनिश्चित किए जाएं। आर्थिक तर्क स्पष्ट है। महिलाओं को चौबीसों घंटे संचालित होने वाले विकास के क्षेत्रों में भाग लेने में समर्थ बनाना, समावेशिता और प्रतिस्पर्धात्मकता की दृष्टि से लाभदायक स्थिति पैदा करता है। जैसे-जैसे सर्वोत्तम कार्यप्रणालियां उभर कर सामने आयेंगी और राज्यों के बीच साझा की जायेंगी, इन सक्षमकारी प्रावधानों को व्यापक रूप से अपनए जाने और उनमें सुधार किए जाने की उम्मीदें भी बढ़ेंगी। मजदूरी संहिता जोकि सर्वाधिक विचारपूर्ण सुधारों में से एक है - सभी केन्द्रीय और राज्य सलाहकार बोर्डों में एक तिहाई महिला सदस्यों का होना अनिवार्य करती है। यह संस्थागत डिजाइन ऐसी नीतियों के निर्माण के लिए आवश्यक है जो विविध प्रकार के श्रमिकों की हकीकतों को दर्शाएं और समावेशन को एक सोची-समझी चीज के बजाय आधारभूत तत्व बनाएं। जैसे-जैसे ज्यादा से ज्यादा राज्य इन बोर्डों को सक्रिय करेंगे, लैंगिक रूप से संवेदनशील नीति निर्माण हाशिये से उठकर मुख्यधारा में आ जाएगा। नई श्रम संहिताएं एक आधारभूत अवसर प्रदान करती हैं और अब जबकि केन्द्र ने आधार तैयार कर दिया है, तो असली बदलाव राज्यों के स्तर पर होगा तथा हमारी क्षमता भी बढ़ेगी। जो राज्य तेजी से नियमों को सुसंगत बनाएंगे, सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों को समन्वित करेंगे, सलाहकार बोर्डों को सक्रिय करेंगे तथा लिंग-आधारित परिणामों पर नजर रखेंगे, वे रोजगार के मानकों के मामले में अग्रणी होंगे। ये संहिताएं कोई अचूक उपाय भले ही न हों, लेकिन ये संरचनात्मक बाधाओं को दूर करने के दमदार उपाय जरूर हैं। सही तरीके से क्रियान्वित किए जाने पर, वे देश की प्रतिभा पाइपलाइन का विस्तार कर सकती हैं और हमारे जनसांख्यिकीय लाभांश को तेजी से बढ़ा सकती हैं। श्रम संहिताओं को नौकरशाही जनित सुधार के रूप में नहीं, बल्कि एक समावेशी अर्थव्यवस्था के आधार के रूप में देखा जाना चाहिए। इन संहिताओं के क्रियान्वयन के साथ, भारत को एक ऐसी प्रणाली बनाने की दिशा में निर्णायक रूप से कार्य करना होगा जो महिलाओं को लाभार्थी के रूप में नहीं, बल्कि विकसित भारत के सह-शिल्पकार के रूप में देखे।

## महागठबंधन का क्या भविष्य होगा?

यह लाख टके का सवाल है कि कांग्रेस पार्टी अब क्या करेगी। कांग्रेस को सिर्फ चार सीटें मिली हैं। हालांकि उसे साढ़े आठ फीसदी के करीब वोट मिले हैं लेकिन क्या इतना वोट और इतनी कम सीटें बिहार में उसके स्वतंत्र रूप से राजनीति करने के लिए पर्याप्त है। यह सवाल इसलिए है क्योंकि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी लगातार बिहार में अकेले और स्वतंत्र राजनीति करने की तैयारी में दिख रहे थे। यही कारण है कि गठबंधन में बहुत खटपट हुई। इस साल के शुरू से जितने बार राहुल गांधी बिहार गए हर बार उन्होंने राजद से दूरी रखी। तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित करने का फैसला कांग्रेस ने आखिरी समय तक लंबित रखा। इससे जो अविश्वास बना उसका नतीजा यह हुआ कि महागठबंधन की पार्टियां एक दर्जन से सीटों पर एक दूसरे के खिलाफ लड़ीं।

बिहार में इस साजिश थ्योरी की बहुत चर्चा पूरे चुनाव में होती रही कि राहुल गांधी क्षेत्रीय पार्टियों से मुक्ति चाहते हैं और इसलिए उन्होंने बिहार में राजद को नुकसान पहुंचाने की राजनीति की है। इस साजिश थ्योरी की भी चर्चा रही कि कांग्रेस ने जान बूझकर लेफ्ट को खत्म करने वाली राजनीति की। इस राजनीति के तहत ही कांग्रेस ने बिहार का लेनिनग्राद कहे जाने वाले बेगूसराय में बछवाड़ा की सीट पर सीपीआई के सामने अपना उम्मीदवार उतारा। वहां सीपीआई के अवधेश राय पिछली बार सिर्फ तीन सौ वोट से हारे थे। इस बार वहां कांग्रेस ने अपने पुराने नेता रामदेव राय के बेटे शिव प्रकाश गरीबदास को उतार दिया और प्रियंका गांधी वाड्रा उनके प्रचार में गईं। कांग्रेस की इस राजनीति के जवाब में सीपीआई ने कांग्रेस की तीन सीटों पर अपने उम्मीदवार दिए।

उधर राजद के नेता भी कांग्रेस की राजनीति को भांप रहे थे। इसलिए तेजस्वी यादव ने भी दूरी बनाई। राहुल और प्रियंका की रैलियां अलग हुईं और तेजस्वी ने अपनी रैलियां अलग कीं। दोनों का प्रचार भी अलग अलग चला। कांग्रेस पिछली बार की 70 सीट के मुकाबले सिर्फ 61 सीटों पर लड़ी और उसमें भी 10 सीटों पर फ्रेंडली फाइट हुई। कांग्रेस को पिछली बार की तरह इस बार भी 30 के करीब ऐसी सीटें मिलीं, जो पारंपरिक रूप से महागठबंधन के लिए कमजोर मानी जाती हैं। सो, गठबंधन के कंफ्यूजन, सीट बंटवारे में राजद और लेफ्ट से टकराव, एक दर्जन सीटों पर दोस्ताना मुकाबले और अलग अलग प्रचार के कारण कांग्रेस तो डूबी ही उसके साथ साथ राजद, लेफ्ट और वीआईपी भी डूब गए। तभी यह सवाल है कि अब कांग्रेस क्या करेगी और महागठबंधन का क्या भविष्य होगा। तेजस्वी यादव के नेतृत्व को लेकर भी सवाल है।

## स्वीरों की दुनिया



भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी (बीच में) दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के शुरुआती सत्र में शामिल हुए।



इस तस्वीर में, विंग कमांडर नमांश स्याल का पार्थिव शरीर, जो शुक्रवार को दुबई एयर शो के दौरान एलसीए तेजस क्रैश में मारे गए थे, कोयंबटूर में अंतिम संस्कार के लिए सुलूर एयर बेस लाया गया है।


उत्तराखंड के अल्मोड़ा के डाबरा गांव में सरकारी हाई सेकेंडरी स्कूल के पास जिलेटिन की छड़ें मिलने के बाद पुलिस, बम डिस्पोजल स्क्वॉड और डॉग यूनिट के साथ इलाके की तलाशी ले रही है।


जम्मू और कश्मीर के कुलगाम में एक संदिग्ध आतंकवादी की मौजूदगी के इनपुट के बाद हथियारबंद सुरक्षाकर्मियों ने घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा (बाएं) और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला डा सिल्वा (दाएं) के साथ, दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में जी20 समिट के दौरान आईबीएसए नेताओं की मीटिंग के दौरान।


इंडियन एयर फ़ोर्स के विंग कमांडर नमांश स्याल की पत्नी विंग कमांडर अफ़शां अख्तर, जो दुबई एयर शो में हवाई प्रदर्शन के दौरान शहीद हो गए थे, उनके पार्थिव शरीर को हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में उनके पैतृक घर लाए जाने पर सलामी दे रही हैं।


प्रधानमंत्री ने दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के तीसरे सत्र को संबोधित किया।

# पटरी पर लौट रहे भारत-कनाडा के संबंध, पीएम मोदी ने की मार्क कार्नी के साथ बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**जोहानिसबर्ग, 24 नवंबर [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर कई वैश्विक नेताओं से मुलाकात की। कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी से मुलाकात के दौरान दोनों नेता व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में संबंधों को आगे बढ़ाने के अलावा रक्षा तथा अंतरिक्ष क्षेत्रों में गहन सहयोग की संभावनाएं तलाशने पर सहमत हुए। यह मोदी और कार्नी की दूसरी मुलाकात थी। इससे पहले दोनों नेता जून में कनाडा के कनानास्किस में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान मिले थे। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ बहुत उपयोगी बातचीत हुई। हमने साल 2030 तक अपने द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डालर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। कनाडाई पेंशन फंड भी भारतीय कंपनियों में गहरी दिलचस्पी दिखा रहे हैं।बताते चलें कि भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2024 में 30 अरब डालर के आंकड़े को पार कर गया था। भारत उस साल कनाडा का सातवां सबसे बड़ा व्यापार साझेदार बनकर उभरा था।आइएएनएस के अनुसार, इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी ने पीएम मोदी के साथ मुलाकात के दौरान लाल किला आतंकी हमले पर भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की और आतंकवाद से निपटने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।दोनों नेताओं ने आतंकी फंडिंग का मुकाबला करने के लिए भारत-इटली संयुक्त पहल को अपनाया। इस पहल का उद्देश्य आतंकवाद का मुकाबला करने में द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करना तथा वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) सहित वैश्विक मंचों पर सहयोग बढ़ाना है। मोदी और मेलोनी की यह दो दिनों में दूसरी मुलाकात थी। पीएम मोदी ने जापान की प्रधानमंत्री सानाए ताकाइची से मुलाकात की और नवाचार एवं रक्षा जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की।

पीएम ने एक्स पर लिखा कि जापान की प्रधानमंत्री सानाए ताकाइची के साथ सार्थक बैठक हुई। हमने नवाचार, रक्षा, प्रतिभा आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को गति देने के तौर-तरीकों पर चर्चा की। हम दोनों देशों के बीच व्यापार संबंध बढ़ाने को भी उत्सुक हैं।पीएम मोदी ने दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के साथ भी द्विपक्षीय बैठक की। प्रधानमंत्री ने इंटरनेट मीडिया पर कई पोस्ट के जरिये अपनी मुलाकातों का ब्योरा साझा किया। जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होल्नेस के साथ बातचीत के बाद मोदी ने कहा कि भारत और जमैका ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों से समृद्ध मित्रता से बंधे हैं। सामूहिक प्रगति के प्रति गहरी प्रतिबद्धता के साथ हमारी साझेदारी लगातार बढ़ रही है। नीदरलैंड के प्रधानमंत्री डिक शूफ के साथ बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने जल संसाधन, नवाचार, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की।प्रधानमंत्री ने कहा कि हम आने वाले समय में व्यापार और निवेश संबंधों को गहरा करने के लिए काम करते रहेंगे। मोदी ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलीना जार्जीवा से भी बातचीत की।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने और विभिन्न वैश्विक नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने के बाद रविवार को नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जोहानिसबर्ग में सफल जी-20 सम्मेलन एक समृद्ध और टिकाऊ ग्रह (धरती) के निर्माण में योगदान देगा। वैश्विक नेताओं के साथ मेरी बैठकें और बातचीत बहुत सार्थक रही। इनसे विभिन्न देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंध और मजबूत होंगे। मैं इस शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए दक्षिण अफ्रीका के अद्भुत लोगों, राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा और दक्षिण अफ्रीका की सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं।

## लोकपाल कानून में सुधार की आवश्यकता सरकार बदलाव पर कर सकती है विचार

**नईदिल्ली, 24 नवंबर [एजेंसी]।**

लोकपाल कानून में किसी भी तरह की मर्जी की गुंजाइश को रोकने और इसे सही तरीके से लागू करने के लिए इसमें बदलाव की जरूरत है।सूत्रों ने कहा कि सरकार के कुछ हलकों में ऐसी भावना प्रबल है कि एक दशक से भी पहले बने इस कानून के कुछ नियमों पर अब फिर से विचार किया जाए। राष्ट्रपति से मंजूरी मिलने के बाद लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम 2013 एक जनवरी, 2014 को अस्तित्व में आया। हालांकि, इसने अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति के बाद 27 मार्च, 2019 को ही काम करना शुरू किया। फिलहाल लोकपाल के अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस अजय माणिकराव खानविलकर हैं, और इसमें आठ सदस्य हो सकते हैं - चार ज्यूडिशियल और चार नान-ज्यूडिशियल। सूत्रों ने एक उदाहरण देते हुए कहा कि मौजूदा अध्यक्ष ने मामलों की सुनवाई करते समय सभी सदस्यों वाली और खुद की अध्यक्षता वाली एकल पीठ के जरिये काम करने का फैसला किया है।कानून में भ्रष्टाचार की शिकायतों पर फैसला करने के लिए दो या उससे ज्यादा ज्यूडिशियल और नान-ज्यूडिशियल सदस्यों वाली अलग-अलग पीठों को काम करने की इजाजत देने का प्रविधान है।

## आंध्र प्रदेश के गुंटूर में हैरान करने वाला मामला यूएस का वीजा नहीं लगने पर महिला ने दी जान

**गुंटूर 24 नवंबर।** आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले की एक महिला डाक्टर ने अमेरिका का वीजा नहीं मिलने पर कथित तौर पर डिप्रेशन या अवसाद के कारण हैदराबाद में अपने फ्लैट में आत्महत्या कर ली है। पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि यह घटना शनिवार को तब सामने आई जब महिला के परिवार के सदस्य, जो शहर के एक अन्य क्षेत्र में रहते हैं महिला के फ्लैट में पहुंचे। उन्होंने दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर दरवाजा तोड़कर अंदर गए और उन्हें मृत पाया। महिला की पहचान रोहिणी के तौर पर हुई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार के सदस्यों को सौंप दिया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आशंका है कि उसने शुक्रवार रात नींद की गोलियों का ओवरडोज लिया। हालांकि मौत का सही कारण अभी ज्ञात नहीं है। घर से एक सुसाइड नोट मिला जिसमें कहा गया था कि वह डिप्रेशन में थी और उसमें वीजा आवेदन खारिज होने का भी जिक्र है।

## यूक्रेन बिल्कुल एहसानमंद नहीं,जिनेवा में जेलेंस्की पर फिर क्यों भड़के ट्रंप?

**जिनेवा 24 नवंबर।** रूस के साथ चल रहे युद्ध को खत्म कराने के अमेरिकी प्रयास के लिए यूकेन अमेरिका का बिल्कुल भी एहसानमंद नहीं है। यह स्थिति तब है जब अमेरिका उसे लगातार हथियार दे रहा है और यूरोपीय देश रूस से तेल भी खरीद रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट अपने बयान में यह बात कही है। ट्रंप का यह बयान तब आया है जब जिनेवा में अमेरिकी शांति प्रस्ताव को लेकर अमेरिका, यूक्रेन और यूरोपीय देशों के अधिकारियों की वार्ता चल रही है। स्विट्जरलैंड के जिनेवा शहर में यूक्रेन युद्ध पर आए अमेरिकी शांति प्रस्ताव पर चर्चा के लिए अमेरिका, यूक्रेन और यूरोपीय देशों के शीर्ष अधिकारियों की बैठक हो रही है। यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख आंद्री यरमक ने इंटरनेट मीडिया पोस्ट में बताया है कि उनकी पहली बैठक ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के साथ हुई। इस बैठक में युद्ध की समाप्ति के लिए संशोधित शांति योजना पर राय बनी है जिसमें यूक्रेन के हितों की रक्षा हो सके।

यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल की अगली बैठक अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के साथ हो रही है जिसमें विदेश मंत्री मार्को रूबियो, विशेष दूत स्टीव विटकाफ और सैन्य सचिव डान ड्रिस्काल शामिल हैं। यरमक ने बताया है कि अमेरिकी दल से उनकी सकारात्मक वार्ता हो रही है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि उन्हें इन बैठकों से अच्छे परिणाम की उम्मीद है। इससे पहले रूबियो ने पोलैंड के प्रधानमंत्री और दो अमेरिकी सीनेटरों के दावों का जवाब देते हुए स्पष्ट किया है कि यूक्रेन को दिया गया शांति योजना का मसौदा अमेरिका ने तैयार किया है।

# अजीत पवार के फंड वाले बयान पर गरमाई सियासत, सुप्रिया सुले EC से की कार्रवाई की मांग

**नईदिल्ली, 24 नवंबर [एजेंसी]।**



राकांपा (शरद चंद्र पवार) की नेता एवं लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले ने रविवार को कहा कि विकास कार्यों के फंड को मतदाताओं के समर्थन से जोड़ने वाला महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार का बयान बेहद गंभीर है।निर्वाचन आयोग को ऐसे बयानों पर नजर रखनी चाहिए। उनकी पार्टी के प्रवक्ता महेश तपासे ने कहा कि निर्वाचन आयोग को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।अजीत पवार को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। पुणे जिले की बारामती में शुक्रवार को नगर पंचायत चुनाव प्रचार के दौरान राकांपा नेता अजीत पवार ने मतदाताओं से कहा था कि यदि वह उनकी पार्टी के उम्मीदवारों को जिताते हैं तो शहर में फंड की कोई कमी नहीं होगी, लेकिन यदि मतदाता उनके उम्मीदवारों को रिजेक्ट करते हैं तो वे भी उन्हें रिजेक्ट कर देंगे।भाजपा-राकांपा-शिवसेना वाली महायुति सरकार में वित्त विभाग संभाल रहे पवार ने कहा था कि यदि आप राकांपा के सभी 18 उम्मीदवारों को जिताएंगे तो मैं भरोसा दिलाता हूं कि फंड की कोई कमी नहीं होगी। लेकिन यदि आप रिजेक्ट करेंगे तो मैं भी आपको रिजेक्ट कर दूंगा। आपके पास वोट हैं, और मेरे पास फंड।सुले ने कहा कि एक मजबूत लोकतंत्र में इस तरह के बयानों पर नजर रखना निर्वाचन आयोग की नैतिक जिम्मेदारी है, लेकिन आजकल ऐसा होता दिखाई नहीं देता। मैंने स्वयं निर्वाचन आयोग में एक मामला लड़ा था, लेकिन सभी कागजात होने के बावजूद हमें न्याय नहीं मिला।

# यूपी के इस जिले में शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग किशोरी समेत तीन घायल, CCTV में कैद हुई वारदात



**मथुरा, 24 नवंबर [एजेंसी]।**

अछनेरा मार्ग स्थित वंश वाटिका में शनिवार रात को एक शादी समारोह में हर्ष फायरिंग में किशोरी समेत तीन लोग घायल हो गए। इससे शादी समारोह में दहशत मच गई। पुलिस ने घटना को गंभीरता से नहीं लिया और औपचारिकता कर लौट गई। कुछ देर बाद डीजीपी के संदेश के बाद थाना पुलिस सक्रिय हुई और सीसीटीवी कैमरे खंगाले। इसमें एक व्यक्ति अवैध रायफल से फायरिंग करते हुए दिखाई दिया। इसके बाद रैपुरा जाट चौकी प्रभारी ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। फरह थाना क्षेत्र में अछनेरा रोड स्थित वंश वाटिका में शनिवार रात शादी समारोह का आयोजन चल रहा था। गांव रहीमपुर निवासी मनीराम के पुत्र सौरभ की शादी थाना क्षेत्र के ही गांव बड़ौदा निवासी रामजीलाल की पुत्री सपना के साथ हो रही थी। दूल्हा और दुल्हन पक्ष के लोग शादी की तैयारी में लगे हुए थे। शादी रस्म के दौरान रात सवा नौ बजे अचानक दूल्हा पक्ष के एक रिश्तेदार ने राइफल से फायरिंग शुरू कर दी।अचानक की गई फायरिंग से निकली गोली ने जमीन से टकराने के बाद किशोरी समेत तीन लोगों को घायल कर दिया। शादी समारोह में चीख-पुकार के साथ भगदड़ मच गई। गोली लगने से दीनदयाल धाम निवासी संजय का पुत्र लव, दुल्हन की बहन की 10 वर्षीय बेटी प्रिया निवासी सोनारा और दूल्हे का भाई यशपाल घायल हो गया। लोगों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मौके पर आई पुलिस खानापूरी करके लौट गई। हर्ष फायरिंग का संदेश किसी ने इंटरनेट मीडिया के माध्यम से पुलिस महानिदेशक को भेज दिया। इसके बाद रात दो बजे पुलिस सक्रिय हुई और गेस्ट हाउस में आकर सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए। इसमें एक व्यक्ति अवैध रायफल से फायरिंग करते हुए दिखाई दिया। रैपुराजाट चौकी प्रभारी तेजेंद्र सिंह ने हर्ष फायरिंग में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

## वोट चोरी के आरोप पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने चुनाव आयोग को लिखा पत्र, सड़क पर उतरने की दी चेतावनी

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने राज्य चुनाव आयुक्त विजय देव को पत्र लिखकर अशोक विहार वार्ड में वोट चोरी और चुनाव आयोग की निष्क्रियता पर चिंता व्यक्त की है। इसकी कॉपी चुनाव आयोग को भी भेजी गई है।यादव ने चुनाव आयोग से तुरंत प्रभाव से सभी निगम उप चुनाव वाले वार्डों में इस प्रकार जानबूझकर की गई वोट चोरी को ठीक करने की मांग की है। साथ ही यह भी कहा है कि अगर समय पर एक्शन नहीं लिया गया तो मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस को सड़कों पर उतरना पड़ेगा। यादव ने पत्र में उल्लेख किया है कि 65 नंबर अशोक विहार वार्ड में एक ही व्यक्ति की फोटो बूथ नंबर 13, वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र में 91 बार लगाई गई है। इस बूथ में ज्यादातर श्रमिक रहते हैं। इसका सीधा अर्थ यह है कि 90 श्रमिक मतदाताओं के वोट देने के अधिकार को साजिश के तहत छीना जाएगा, जो न सिर्फ गैरकानूनी है बल्कि लोकतांत्रिक मान्यताओं के भी खिलाफ है।

# रायसेन में छह साल की बच्ची से दरिंदगी, गुस्साए लोगों ने जताया विरोध, अरोपी की तलाश में पुलिस



**रायसेन, 24 नवंबर [एजेंसी]।**

मध्य प्रदेश में रायसेन जिले के गौहरगंज थाना क्षेत्र में छह साल की बच्ची से दरिंदगी की की गई। मासूम लहूलुहान अवस्था में जंगल में मिली। भोपाल के अस्पताल में भर्ती बच्ची की सर्जरी करनी पड़ी। फिलहाल, उसे आइसीयू से सामान्य वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। शनिवार रात को अंजाम दी गई इस वारदात के विरोध में रविवार को पूरे दिन रायसेन जिले में बेहद आक्रोश देखने को मिला है। इस दरिंदगी को अंजाम देने का आरोपित सलमान खान उर्फ नजर फरार है। उसकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों ने ओबेदुल्लागंज और सुल्तानपुर कस्बों में जाम लगाया, जिसमें आम लोग भी शामिल हो गए। समर्थन में मुस्लिमों ने भी हिस्सा लिया। उनका कहना था कि अपराधी किसी भी धर्म का हो, वह सिर्फ अपराधी है, इसलिए उसको मासूम बच्ची से दुष्कर्म जैसे कृत्य के लिए कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। पुलिस के अनुसार, आरोपित सलमान खान उर्फ नजर गौहरगंज में किराये के मकान में रहता है। शनिवार रात वह कस्बा के पड़ोस वाले गांव में पहुंचा और वहां एक परिवार की छह वर्षीय बच्ची को बहला-फुसलाकर जंगल की ओर से गया और उससे दुष्कर्म किया। लहूलुहान अवस्था में बच्ची को जंगल में ही छोड़कर फरार हो गया। वारदात के विरोध में रविवार को अनेक लोग सड़क पर उतर आए।

ओबेदुल्लागंज और सुल्तानपुर कस्बों में बाजार बंद रहे। लोगों ने सड़क पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया। मुस्लिम त्योहार कमेटी ने गोहरगंज तहसील के बाहर प्रदर्शन किया। वहीं, हिंदू संगठनों ने चक्काजाम कर दिया। जयपुर-जबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग और होशंगाबाद राजमार्ग पर दोपहर दो बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक आवागमन बाधित रहा। वाहनों की लंबी कतार लग गई।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि सोमवार दोपहर तक आरोपित गिरफ्तार नहीं हुआ तो जिले के सभी कस्बों में उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। 20 हजार का इनाम आरोपित सलमान मूलरूप से सीहोर जिले के श्यामपुर का रहने वाला है। उसकी तलाश में पुलिस की आठ टीमें जुटी हुई हैं। जंगल में ड्रोन की मदद से तलाशी ली जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने उसकी गिरफ्तारी के लिए 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। मंडीदीप, औबेदुल्लागंज, गौहरगंज में जगह-जगह पोस्टर भी लगवाए हैं।

भोपाल के अस्पताल में पहुंचकर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बच्ची का हाल जाना और परिवार को आश्वस्त किया कि बिटिया को न्याय दिलाया जाएगा। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को समुचित इलाज की व्यवस्था करने के साथ ही रायसेन पुलिस के अधिकारियों से आरोपित को तत्काल गिरफ्तार करने को कहा।

## साइबर अपराधियों को बैंक खाते मुहैया कराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, 2.35 करोड़ की ठगी का खुलासा

**नई दिल्ली 24 नवंबर।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने साइबर ठगों को ठगी के लिए बैंक खाते मुहैया करने वाले दो आरोपित को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपित पेशेवर अकाउंट प्रोवाइडर और फैसिलिटेटर के तौर पर काम करते थे। लोगों से प्राफिट शेयर का वादा कर उनके बैंक अकाउंट खरीद कर ये साइबर ठगों को पूरी बैंकिंग किट (चेक बुक, एटीएम कार्ड, सिमकार्ड और लागिन क्रेडेंशियल) सौंप देते थे। इनके द्वारा मुहैया कराए खातों का इस्तेमाल अंतरराज्यीय साइबर ठग ठगी की रकम प्राप्त करने के लिए करते थे। एक पीड़ित ये शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 2.35 करोड़ की ठगी के मामले में पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया।डीसीपी आदित्य गौतम के मुताबिक गिरफ्तार किए आरोपितों के नाम सज्जाद अहमद व उत्तम मंडल है। दोनों दिल्ली के रहने वाले हैं। इन्होंने मेसर्स चांद इलेक्ट्रानिक के नाम पर एक करंट अकाउंट खुलवा अपने हैंडलर को सौंप दिया था। पीड़ित से फेसबुक के जरिये संपर्क कर उन्हें फारेक्स ट्रेडिंग में निवेश करने का लालच दिया गया। बाद में उन्हें मनगढ़ंत मुनाफा दिखाने वाले मैनिपुलेटेड आनलाइन ग्रुप में जोड़ लिया गया।

# 50 करोड़ नकद और फ्लैट... कर्नाटक में सीएम बदलने के लिए कांग्रेस में खरीद-फरोख्त, बीजेपी का बड़ा आरोप

**नई दिल्ली।** कर्नाटक कांग्रेस में दो धड़ों के बीच मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए खींचतान का आरोप लगाते हुए भाजपा ने कहा कि विधायकों को अपने पक्ष में मिलाने के लिए 50 करोड़ रुपये, एक फ्लैट और एक कार का लालच दिया जा रहा है। भाजपा ने चेताया कि कांग्रेस सरकार जनता के मुद्दों को छोड़कर इन सब कामों में लगेगी तो पार्टी चुप नहीं बैठेगी। भाजपा नेता चलवाडी नारायणस्वामी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के कर्नाटक प्रभारी और एआईसीसी महासचिव रणदीप सुरजेवाला मंत्री बनने के आकांक्षी नेताओं से सौदेबाजी में जुट गए हैं। वह कथित तौर पर 200 करोड़ रुपये मांग रहे हैं। एक नेता ने तो एडवांस भी दे दिया है। उन्होंने कहा इस मामले की जांच के लिए ईडी से शिकायत की जाएगी। जनता के पैसे की बंदरबांट की निश्चित तौर पर जांच होनी चाहिए। उनकी यह टिप्पणी कांग्रेस सरकार के पांच साल के कार्यकाल के आधे पड़ाव पर पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री के संभावित परिवर्तन की अटकलों के बीच आई है। इसे कुछ नेता नवंबर क्रांति भी कहते हैं, जो मुख्यमंत्री सिद्दरमैया और उनके उप-मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच कथित सत्ता-साझाकरण समझौते से जुड़ा है। 20 नवंबर को कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के ढाई साल पूरे हो गए हैं। नारायणस्वामी ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र, नेता विपक्ष आर अशोक और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक करके आगे की रणनीति तय की जाएगी। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वरा ने रविवार को संकेत दिए कि राज्य में यदि सत्ता परिवर्तन होता है तो वह भी एक दलित नेता के तौर पर मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं।

हालांकि, उन्होंने राज्य में मुख्यमंत्री बदलने को लेकर पार्टी में भ्रम से जुड़ी रिपोर्ट को खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस हाई कमान की तरफ से इस मामले में किसी ने कोई बात नहीं कही है, न तो इस पर कांग्रेस विधायक दल में ही कोई चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की जरूरत पड़ी तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी से चर्चा करने के बाद एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इस बारे में तय करेंगे।

# फिगर ऑफ रेसिस्टेंस, ब्रिटिश भारतीय जासूस नूर इनायत खान को सम्मान, फ्रांस ने जारी किया डाक टिकट

**नईदिल्ली, 24 नवंबर [एजेंसी]।**



टीपू सुल्तान की वंशज नूर इनायत खान के सम्मान में फ्रांस ने डाक टिकट जारी किया है। यह सम्मान पाने वाली वह एकमात्र भारतीय मूल की महिला हैं। इससे पहले ब्रिटेन ने 2014 में नूर को सम्मानित किया था। उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अंडर कवर ब्रिटिश एजेंट के रूप में फ्रांसीसी रेसिस्टेंस में अहम भूमिका निभाई थी। नाजी जर्मनी के खिलाफ लड़ने वाले फिगर आफ रेसिस्टेंस के सम्मान में फ्रांसीसी डाक सेवा ला पोस्टे ने डाक टिकट जारी किया है। इस पर नूर को ब्रिटिश महिला सहायक वायु सेना (डब्ल्यूएएएफ) की वर्दी में दिखाया गया है। फ्रांसीसी रेसिस्टेंस उन समूहों का बल था, जिन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान फ्रांस में नाजियों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। नूर की जीवनी स्पाई प्रिंसेस द लाइफ आफ नूर इनायत खान की लेखिका श्राबनी बसु ने कहा कि खुशी है कि फ्रांस ने नूर के सम्मान में डाक टिकट जारी किया। नूर ने फासीवाद के खिलाफ लड़ाई में अपनी जान दे दी। वह पेरिस में पली-बढ़ीं। उन्होंने कहा कि नूर के सम्मान में ब्रिटेन और फ्रांस द्वारा डाक टिकट जारी किए गए हैं। अब समय है कि भारत भी डाक टिकट से उन्हें सम्मानित करे।1914 में मास्को में एक भारतीय सूफी संत पिता और अमेरिकी मां के घर जन्मी नूर-उन-निसा इनायत खान बचपन में ही लंदन चली गईं। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान फ्रांस के पतन के बाद, परिवार इंग्लैंड भाग गया और नूर डब्ल्यूएएएफ में शामिल हो गईं।

आठ फरवरी 1943 को उन्हें स्पेशल आपरेशंस एक्जीक्यूटिव में भर्ती किया गया। यह एक ब्रिटिश गुप्त सेवा था जिसे युद्ध के दौरान कब्जे वाले क्षेत्रों में जासूसी, तोड़फोड़ और टोह लेने के लिए बनाया गया था। वह जून 1943 में फ्रांस में घुसपैठ करने वाली पहली महिला रेडियो आपरेटर बनीं।नाजी बलों द्वारा उन्हें पकड़ लिया गया और दचाऊ यातना शिविर भेज दिया गया। यहां उन्हें 13 सितंबर 1944 को फांसी दे दी गई। वह 30 वर्ष की थी। उनकी अदम्य बहादुरी के लिए फ्रांसीसी रेजिस्टेंस पदक और सर्वोच्च नागरिक सम्मान क्राइक्स डे गुएरे से सम्मानित किया गया। 1949 में ब्रिटेन द्वारा मरणोपरांत जार्ज क्रास से भी दिया गया।

# आगरा में आंबेडकर की तस्वीर पर टिप्पणी पर दलित और सवर्ण बरातियों में झगड़ा, दोनों पक्ष के 10 लोग घायल



**आगरा, 24 नवंबर [एजेंसी]।**

बाह के जरार में शनिवार रात बरात चढ़त के दौरान डा. भीमराव आंबेडकर की तस्वीर लेकर चलने पर टिप्पणी से मामला गरमा गया।सवर्ण समाज के बरातियों से दलित समाज की बरात में आए युवकों से मारपीट हो गई। आधा घंटे तक हंगामे के साथ ही डंडे भी चले। इसमें दोनों पक्ष के 10 से अधिक लोग चोटिल हो गए, लेकिन किसी ने मेडिकल नहीं कराया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही मामला शांत हो गया। पुलिस इस मामले में तहरीर मिलने का इंतजार कर रही है।बाह के पार्वती पुरा निवासी नेपाल सिंह की बेटी का जरार में केनरा बैंक के पास धर्मशाला में शनिवार को शादी समारोह चल रहा था। वर पक्ष के लोग बरात चढ़त के बाद धर्मशाला में ही रुके थे। रात 11 बजे कस्बा में रहने वाले दलित परिवार की दो बेटियों की बरात की चढ़त हो रही थी। दलित बेटियों की बरात धर्मशाला के सामने पहुंची।इसमें बराती भारत रत्न डा. भीमराव आंबेडकर और गौतम बुद्ध की तस्वीर हाथ में लेकर चल रहे थे। इन तस्वीरों को लेकर धर्मशाला में रुके कुछ बरातियों ने टिप्पणी कर दी।

विरोध करने पर दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। थोड़ी देर में ही दोनों पक्षों में डंडे चलने लगे। इससे दोनों बरातों में अफरा तफरी मच गई। दोनों पक्ष के संभ्रांत लोगों ने समझाकर मामला शांत कराया।मारपीट में दोनों ओर से 10 से अधिक लोग चोटिल हो गए, लेकिन किसी ने मेडिकल नहीं कराया। घटना के बाद नेपाल सिंह जरार पुलिस चौकी में तहरीर देने पहुंचे। इंस्पेक्टर बाह सत्यदेव शर्मा का कहना है कि किसी पक्ष ने कोई तहरीर नहीं दी है।



## डॉन पलथारा के अगले सिनेमाई ब्रह्मांड में प्रवेश करेंगी पार्वती थिरुवोथु, स्क्रीन शेयर करेंगी दिलीश पोथन के साथ

नेशनल अवॉर्ड विजेता पार्वती थिरुवोथु अब डॉन पलथारा की अगली फिल्म की हीरोइन बनने जा रही हैं. इस फिल्म में उनके साथ होंगे मलयालम सिनेमा के चर्चित फिल्ममेकर-एक्टर दिलीश पोथन. दो जबरदस्त दिमाग और एक कमाल की परफॉर्मर — ऐसा तिकडी इकट्ठा हो रहा है जो मलयालम सिनेमा में कुछ नया बातचीत शुरू करा सकता है. पार्वती थिरुवोथु ने इंस्टाग्राम पर स्क्रिप्ट की फोटो डालकर लिखा — डॉन पलथारा की बनाई दुनिया में कदम रख रही हूं, वह भी दिलीश पोथन के साथ. बेसब्र हूं. पहली बार पार्वती, डॉन और दिलीश साथ काम कर रहे हैं. डॉन पलथारा का सिनेमा अपने अंदर छुपी कोमल परतों, रिश्तों की तहों और चुपचाप बोल देने वाले इमोशन्स के लिए जाना जाता है — जो पार्वती थिरुवोथु की बारीक और संवेदनशील एक्टिंग से एकदम मैच बैठता है. वहीं दिलीश पोथन खुद एक दमदार निर्देशक और बेहद नपे-तुले मगर असरदार अभिनेता माने जाते हैं.

कहानी अभी राज में है, पर कहा जा रहा है कि यह इमोशन से भरी ड्रामा फिल्म होगी जिसकी शूटिंग केरल में होगी और बहुत जल्द फ्लोर पर जाएगी.पार्वती थिरुवोथु कहती हैं — डॉन की फिल्में हमारी जिंदगी और हमारे प्यार करने के तरीकों को बिना शोर और बिना जजमेंट दिखाती हैं. ऐसे सिनेमाई स्पेस में कदम रखना एक्टर के लिए आजादी जैसा है. उनकी फिल्में हमें सोचने पर मजबूर करती हैं. उनके साथ काम करना मेरा सपना था. और दिलीश के साथ स्क्रीन शेयर करना, जिनकी क्रिएटिव संवेदनशीलता की मैं बरसों से फैन हूं, मेरे लिए फिर से स्टूडेंट बनने जैसा है.यह अनाउंसमेंट ऐसे वक्त पर आया है जब पार्वती थिरुवोथु हाल ही में ऋतिक रोशन की पहली फिल्म 'आंधी' में लीड करने और 13 साल बाद निर्देशक बेजॉय नाम्बियार के साथ दोबारा जुड़ने को लेकर सुर्खियों में थीं.डॉन पलथारा की कहानी कहने की शैली, दिलीश पोथन की कलात्मक पकड़ और पार्वती थिरुवोथु की भावनात्मक ताकत — यह पहली बार एक ही फ्रेम में मिल रही है. यह सहयोग शायद वही नई बातचीत शुरू कर दे जिसका मलयालम सिनेमा काफी समय से इंतज़ार कर रहा था.

# समय-समय पर करते रहें यात्रा मिल सकते हैं कई फायदे



यात्रा एक ऐसा अनुभव है, जो न केवल हमें नई जगहों की सैर कराता है, बल्कि हमारे जीवन को भी समृद्ध बनाता है। चाहे आप अकेले यात्रा करें या दोस्तों के साथ, हर यात्रा एक नई कहानी लेकर आती है। इस लेख में हम जानेंगे कि यात्रा करने से क्या-क्या फायदे हो सकते हैं। जीवन में एक बार यात्रा करने से आप नई संस्कृतियों से मिलते हैं, नए दोस्तों से दोस्ती होती है।

नई जगहों का अनुभव करें

यात्रा करने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि आप नई जगहों पर जाकर वहां की संस्कृति, परंपराओं और जीवनशैली को करीब से देख सकते हैं। हर जगह की अपनी खासियत होती है और वहां जाने पर आपको अलग-अलग लोगों से मिलने का मौका मिलता है। इससे आपका नजरिया और सोचने का तरीका भी बदलता है। नई जगहों पर जाकर आप नई चीजें सीखते हैं और आपके जीवन में नई ऊर्जा का संचार होता है।

तनाव से मिलेगी राहत

कामकाज की भागदौड़ में अक्सर हम तनाव में आ जाते हैं। ऐसी स्थिति में यात्रा करना बहुत फायदेमंद हो सकता है क्योंकि यह आपको आराम करने और ताजगी महसूस कराने का मौका देता है। नई जगहों पर घूमने से आपका मन हल्का होता है और आप नई ऊर्जा के साथ वापस लौटते हैं। इसके अलावा यात्रा करने से आपको मानसिक शांति मिलती है, जिससे आपका तनाव कम होता है और आप नए उत्साह के साथ जीवन जीते हैं।

नए दोस्त बनाना होगा आसान

यात्रा करने पर आपको कई नए लोग मिलते हैं, जिनसे आप दोस्ती कर सकते हैं। ये दोस्ती कभी-कभी जीवनभर याद रहती हैं। नए दोस्तों से मिलने पर आपको अलग-अलग विचारों और तरीकों के बारे में पता चलता है, जिससे आपका ज्ञान बढ़ता है। इसके अलावा यात्रा के दौरान की गई दोस्ती से आपके जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह आता है। इन दोस्तों के साथ बिताए गए पल आपकी यादों में हमेशा ताजे रहते हैं।

आत्मविश्वास बढ़ेगा

यात्रा करने से आपका आत्मविश्वास बढ़ता है क्योंकि नई जगहों पर जाकर खुद को संभालना एक चुनौतीपूर्ण काम होता है। इसे पूरा करने पर आपको आत्मसंतोष मिलता है। इसके अलावा यात्रा के दौरान मिली चुनौतियों का सामना करने से आपकी समस्या हल करने की क्षमता भी बढ़ती है। नई जगहों पर जाकर आप खुद को बेहतर तरीके से समझ पाते हैं और आत्मनिर्भर बनते हैं। यह अनुभव आपके व्यक्तित्व को निखारता है और आपको आत्मविश्वासी बनाता है।

जीवनशैली में आएगा बदलाव

यात्रा करने से आपकी जीवनशैली में बड़ा बदलाव आ सकता है। नई जगहों पर जाकर आप अलग-अलग तरीकों से जीना सीखते हैं, जिससे आपकी सोचने-समझने की क्षमता विकसित होती है। इसके अलावा यात्रा के दौरान सीखी गई बातें आपके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाती हैं।

यात्रा करने से न केवल आपका ज्ञान बढ़ता है, बल्कि आपको मानसिक शांति भी मिलती है। इस प्रकार यात्रा करना एक ऐसा अनुभव है, जो आपके जीवन को समृद्ध बनाता है।



## उर्मिला मातोंडकर ने कंधे से स्वेटर खिसकाकर दिए सिजलिंग पोज, लोग बोले- आज भी...

बॉलीवुड से साउथ इंडस्ट्री तक अपनी बेहतरीन अदाकारी से लोगों का ध्यान खींचने वाली एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर एक बार फैंस के बीच चर्चा में बनी हुई हैं. दरअसल, उन्होंने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ तस्वीरें शेयर कर सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है. उर्मिला मातोंडकर का एक-एक पोज फैंस का दिल धड़का रहा है. फैंस अपनी पसंदीदा अभिनेत्री की तस्वीरों को पसंद करने साथ ही उन पर जमकर कमेंट कर रहे हैं. यहां पर आप 51 साल की उर्मिला मातोंडकर की अदाओं को निहार सकते हैं.

उर्मिला मातोंडकर शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम से सात तस्वीरें शेयर की हैं. इस फोटोशूट के दौरान उर्मिला मातोंडकर की दिलकश अदाओं ने लोगों का दीवाना बनाया है.

उर्मिला मातोंडकर ने सर्दियों की शुरुआत ही अपनी तस्वीरों से सोशल मीडिया पर गर्म माहौल बना दिया. उर्मिला मातोंडकर ने अलग-अलग अंदाज में पोज दिए हैं.

उर्मिला मातोंडकर ने स्वेटर को कंधे से नीचे खिसकाकर फोटोज क्लिक करवा दिए. उर्मिला मातोंडकर के इस अंदाज विंटर लुक को और भी आकर्षित बना दिया है.

उर्मिला मातोंडकर के ऊपर ग्रीन कलर का स्वेटर और व्हाइट पैंट काफी अच्छी लग रही है. इसके साथ ही उर्मिला मातोंडकर के खुले बालों ने खूबसूरती को बढ़ा दिया है.

उर्मिला मातोंडकर की प्यारी फोटोज को फैंस पसंद कर रहे हैं. इसके साथ ही उर्मिला मातोंडकर की हद से ज्यादा खूबसूरती पर फिदा पर होकर कमेंट भी कर रहे हैं.

उर्मिला मातोंडकर की तस्वीरों को लेकर एक फैन ने लिखा है, आज भी आप वैसी ही हैं जैसी 90 के दशक में थीं. एक अन्य फैन ने लिखा है, कातिल लुक.

उर्मिला मातोंडकर के फिल्मी करियर की बात करें तो उन्होंने चाइल्ड आर्टिस्ट काम शुरू किया था. फिलहाल, उर्मिला मातोंडकर एक्टिंग से दूरी बनाए हुए हैं.

# क्या आप पहनती हैं स्वेटशर्ट? इन 5 फैशन टिप्स को जरूर आजमाएं



स्वेटशर्ट एक ऐसा कपड़ा है, जो आरामदायक होने के साथ-साथ स्टाइलिश भी है। यह न केवल ठंड से बचाता है, बल्कि आपके लुक को भी खास बनाता है। सही तरीके से स्वेटशर्ट को स्टाइल करना एक कला है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देंगे, जिनसे आप अपनी स्वेटशर्ट को और भी आकर्षक बना सकती हैं। इन टिप्स को अपनाकर आप हर मौके पर बेहतरीन दिख सकती हैं।

सही फिटिंग का चुनाव करें

स्वेटशर्ट की फिटिंग बहुत जरूरी होती है। ढीली या बहुत टाइट स्वेटशर्ट पहनने से आपका लुक खराब हो सकता है। हमेशा अपने शरीर के आकार के अनुसार फिटिंग चुनें। अगर आप थोड़ी मोटी हैं तो ढीली फिटिंग वाली स्वेटशर्ट बेहतर रहेगी, जिससे आपको आराम भी मिलेगा और आपका लुक भी अच्छा दिखेगा। इसके अलावा ध्यान रखें कि स्वेटशर्ट की लंबाई भी सही हो ताकि वह आपके पैंट्स या जीन्स के साथ अच्छी लगे।

रंगों का मेल करें

रंगों का मेल करना भी बहुत जरूरी है। अगर आपकी स्वेटशर्ट का रंग हल्का है तो उसे गहरे रंग की जींस या पैंट्स के साथ पहनें। इसके विपरीत अगर आपकी स्वेटशर्ट गहरे रंग की है तो उसे हल्के रंग की पैंट्स या स्कर्ट्स के साथ मिलाएं। इससे आपका लुक संतुलित और आकर्षक लगेगा। इसके अलावा आप एक ही रंग के अलग-अलग शेड्स का भी इस्तेमाल कर सकती हैं, जिससे आपका पहनावा और भी स्टाइलिश दिखेगा।

एक्सेसरीज का सही चयन करें

एक्सेसरीज आपके लुक को पूरा करने में अहम भूमिका निभाते हैं। अगर आप अपनी स्वेटशर्ट को थोड़ा खास बनाना चाहती हैं तो इसके साथ सही एक्सेसरीज पहनें, जैसे कि एक सुंदर सी चेन या स्टड्स। इसके अलावा आप बेल्ट का भी इस्तेमाल कर सकती हैं, जिससे आपकी कमर और भी खूबसूरत दिखेगी। साथ ही आप एक प्यारा सा बैग या घड़ी भी अपने लुक को और भी खास बना सकती हैं।

जूतों का ध्यान रखें

जूतों का चयन करते समय ध्यान रखें कि वह आपकी स्वेटशर्ट के साथ मेल खाता हो। आरामदायक जूते या खेल के जूते इस पहनावे के लिए बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। अगर आप थोड़ा औपचारिक लुक चाहती हैं तो सादे जूते या फ्लैट्स भी अच्छे लगते हैं। इसके अलावा सर्दियों में आप बूट्स भी पहन सकती हैं, जो न केवल आरामदायक होते हैं बल्कि आपके लुक को भी खास बनाते हैं। बालों को सेट करें-बालों को सेट करना भी आपके लुक को पूरा करने में मदद करता है। अगर आपके बाल लंबे हैं तो उन्हें खुला छोड़ सकती हैं या पोनीटेल बना सकती हैं। छोटे बालों वाली महिलाएं हाफ बन या चोटी का स्टाइल अपना सकती हैं। इसके अलावा बालों की सजावट जैसे कि हेयरबैंड्स या क्लिप्स भी आपके लुक को खास बना सकते हैं। इन सरल लेकिन प्रभावी टिप्स को अपनाकर आप अपनी स्वेटशर्ट को स्टाइलिश बना सकती हैं।



## बॉलीवुड के बाद अब तेलुगु सिनेमा में तहलका मचाने को तैयार राशा थडानी

फिल्म आजाद से बॉलीवुड में डेब्यू कर चुकीं राशा थडानी अब साउथ फिल्म में नजर आएंगी। राशा ने उई अम्मा गाने से सभी का दिल जीता। आज उन्होंने अपनी पहली तेलुगु फिल्म की घोषणा सोशल मीडिया हैंडल पर एक खास अंदाज में की।

राशा ने इंस्टाग्राम हैंडल पर कुछ ही देर पहले अपना एक धांसू लुक शेयर किया। जिसमें वह बाइक के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। इस पोस्टर के साथ राशा ने कैप्शन में लिखा, नई शुरुआत, अनंत आभार। मैं तेलुगु सिनेमा में कदम रख रही हूं। आगे राशा ने अजय भूपति का धन्यवाद देते हुए लिखा, सर, इस अवसर के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। इस सफर को शुरू करने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

बहरहाल, इस पोस्ट में राशा ने फिल्म का नाम नहीं बताया है। लेकिन उनके इस बोल्ड और हॉट लुक को देखकर लग रहा है कि वह इस बार कुछ अलग करने वाली हैं।

## रोशन कनकला रोमांटिक एक्शन ड्रामा फ़िल्म मोगली 2025 टीजर जारी



बबलगम के साथ एक शानदार शुरुआत के बाद, युवा नायक रोशन कनकला अपनी दूसरी फ़िल्म मोगली 2025 के साथ वापसी कर रहे हैं. डेब्यू एक्ट्रेस साक्षी मेढोलकर की पहली फिल्म मोगली 2025 का टीज़र यंग टाइगर जूनियर एनटीआर ने लॉन्च किया, जिससे फिल्म उद्योग में साक्षी की एंट्री को ज़बरदस्त पहचान मिली है। टीज़र लॉन्च साक्षी के लिए बेहद भावुक और यादगार पल रहा, क्योंकि तेलुगु सिनेमा से उनका भावनात्मक जुड़ाव काफी पुराना है।

साक्षी ने इस अनुभव को अपने करियर का सबसे बड़ा क्षण बताया। वे कहती हैं, मैंने तेलुगु फिल्में देखकर भाषा सीखीज् और आज मेरे पसंदीदा स्टार जूनियर एनटीआर गरु ने मेरी डेब्यू फिल्म मोगली 2025 का टीज़र लॉन्च किया। यह दिन हमेशा याद रहेगा।

टीज़र रिलीज़ के दौरान जूनियर एनटीआर ने साक्षी की स्क्रीन प्रेज़ेंस और अभिनय क्षमता की भी तारीफ़ की, जो उनके लिए एक बड़ी प्रेरणा साबित हुई। मोगली 2025 का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विजेता संदीप राज ने किया है। फिल्म का निर्माण टीजी विश्व प्रसाद और कृति प्रसाद ने पीपल मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले किया है।

फिल्म 12 दिसंबर 2025 को विश्वभर में रिलीज़ होगी। फिल्म में साक्षी एक ऐसी युवती का किरदार निभा रही हैं जो सुन और बोल नहीं सकती। यह चुनौतीपूर्ण भूमिका उनसे विशेष भाव-प्रकटन और गहरी संवेदनशीलता की मांग करती थी।इस बारे में साक्षी कहती हैं, इस किरदार ने मुझे ख़ामोशी की ताक़त समझाई और एक कलाकार के रूप में मुझे निखारा।

टीज़र में साक्षी की झलक को दर्शकों ने ध्यान से नोट किया है, और उनकी परफॉर्मेंस को लेकर सोशल मीडिया पर सकारात्मक प्रतिक्रियाएँ मिल रही हैं। खूबसूरत जंगल पृष्ठभूमि, दमदार संगीत और पौराणिक संकेतों के बीच साक्षी की उपस्थिति कहानी की भावनात्मक परत को मजबूत बनाती है।

उच्च स्तरीय प्रोडक्शन वैल्यू, शानदार दृश्य और साक्षी की प्रभावशाली स्क्रीन अपील के साथ मोगली 2025 इस साल की प्रमुख रोमांटिक एक्शन ड्रामा फिल्मों में से एक मानी जा रही है। साक्षी मेढोलकर के लिए यह फिल्म सिर्फ डेब्यू नहीं, बल्कि उनके सपनों की यात्रा की शुरुआत है।

## मस्ती 4 बनाम 120 बहादुर बॉक्स ऑफिस: ओपनिंग डे पर छाई विवेक-रितेश-आफताब की कॉमेडी फिल्म, बेदम हुई फरहान अख्तर की वार ड्रामा



थिएटर पर बॉलीवुड से दो बड़ी फिल्में पहली 120 बहादुर और दूसरी मस्ती 4 रिलीज हुई. दोनों ही अलग-अलग जोनर की फिल्में हैं. इसमें पहली फिल्म वार बेस्ड है तो दूसरी एडल्ट कॉमेडी. 120 बहादुर फरहान अख्तर की फिल्म है तो वहीं मस्ती 4 में विवेक ओबेरॉय, आफताब शिवदसानी और रितेश देशमुख की तिकड़ी नजर आ रही है. ओपनिंग डे पर किस फिल्म को दर्शकों का ज्यादा प्यार मिला, किस फिल्म ने ओपनिंग डे पर ज्यादा कमाई की चलिए जानते है.फरहान अख्तर स्टारर वॉर बेस्ड फिल्म 120 बहादुर को रजनीश घई ने डायरेक्ट किया है और यह फिल्म भारत-चीन के बीच रेजांग ला लड़ाई पर बेस्ड है, जिसमें फरहान अख्तर ने अहम रोल प्ले किया है. फिल्म की हाईप बहुत ज्यादा थी और इसकी स्पेशल स्क्रीनिंग पर पूरा बॉलीवुड उमड़ा था. फिल्म 120 बहादुर की पहले दिन की कमाई की बात करें तो फिल्म ने सैकनिल्क के अनुसार 2.35 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है. फिल्म को कुछ खास ओपनिंग नहीं मिली, लेकिन फरहान ने 120 बहादुर से अपनी फिल्म लक्ष्य के ओपनिंग कलेक्शन (2.19 करोड़ रुपये) के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है. चलिए अब जानते हैं मस्ती 4 ने पहले दिन कितने करोड़ का कलेक्शन किया है. हिट कॉमेडी फ्रेंचाइजी की फिल्म मस्ती 4 एक प्योर एडल्ट कॉमेडी फिल्म है. फिल्म में एक बार फिर विवेक ओबेरॉय, रितेश देशमुख और आफताब शिवदसानी की तिकड़ी दिख रही है.

## शब्द सामर्थ्य - 237

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्यभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, वैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 236 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | | | | खा | म | खाँ |
| णे | | ल | | झ | प | की | | |
| श | र | ब | त | | रं | | | मि |
| | ज | गा | ना | | प | रा | का | ष्ठा |
| | नी | र | | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | | | प | | | य | |
| म | र | णा | स | न्न | | पा | नी | |
| ची | | | प | | पा | | | भो |
| न | ज | रा | ना | | स | मा | चा | र |

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों का शासकीय आवास से नहीं छूट रहा मोह

**आवासों पर बनाए हुए है कब्जा, विभाग बना मूकदर्शक**

**जनकपुर।** एमसीबी जिले के विकासखंड मुख्यालय जनकपुर नगर में शिक्षा विभाग की लापरवाही और शिथिल व्यवस्था ऐसा है, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहा है। शिक्षा और आदिवासी विभाग से एक से दो वर्ष पहले सेवानिवृत्त हुए आधा दर्जन कर्मचारी अब तक विभाग द्वारा आवंटित शासकीय आवास को खाली नहीं कर रहे हैं। बल्कि सेवानिवृत्त के वर्षों बाद भी सरकारी मकान पर कब्जा बनाए हुए है, और सरकारी आवास को तोड़कर निजी आवास बनाने में जुटे हुए है। जबकि विभागीय जानकारी के अनुसार नियम यह है कि कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के बाद अधिकतम 2 से 3 महीने के भीतर सरकारी आवास खाली किया जाना अनिवार्य है। लेकिन शिक्षा विभाग की लापरवाही व ढिलाई के कारण जनकपुर नगर में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सरकारी आवासों पर कब्जा बनाए रखना बेहद आसान हो गया है। जिससे यहाँ नए पदस्थ व कार्यरत अधिकारी और कर्मचारी मजबूरी में किराए के मकानों में रहने को मजबूर हो रहे हैं, वहीं सरकारी आवास को रिटायर्ड कर्मचारियों के द्वारा इन दिनों धड़ल्ले से खुलेआम निजी आशियाने में बदला जा रहा हैं। जबकि शासकीय आवास नीति के तहत कोई भी कर्मचारी सेवानिवृत्ति के पश्चात अधिकतम 90 दिनों तक ही सरकारी आवास में रह सकता है। इसके बाद यदि सेवानिवृत्त कर्मचारी द्वारा आवास खाली नहीं किया जाता है तो इसे अनाधिकृत कब्जा माना जाता है और विभाग को कानूनी कार्यवाही का अधिकार होता है। लेकिन सवाल यह है कि शिक्षा विभाग इतने वर्षों से चुप क्यों है। जनकपुर नगर में सिर्फ शिक्षा विभाग के सरकारी आवासों में कब्जे का मामला भर नहीं है, यहाँ के अन्य विभागों जिनमें जनपद, पीडब्ल्यूडी, महिला बाल विकास और राजस्व विभाग के भी कई शासकीय आवासों पर सेवानिवृत्त अधिकारी - कर्मचारी अब भी सरकारी आवासों में अवैध रूप से कब्जा जमाए हुए हैं। ये सेवानिवृत्त कर्मचारी सरकारी आवास को अपनी निजी मिल्कियत की तरह उपयोग कर रहे हैं।परिणाम स्वरूप जरूरतमंद कर्मचारियों को सरकारी आवास की सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है।





# जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के नेतृत्व में बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत पोटेडांड आश्रित ग्राम माटीझरिया एवं ग्राम पंचायत डोहड़ा आश्रित ग्राम टेंगनी में नाला बंधान का कार्य किया गया। इस अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना था। इस अभियान में कलेक्टर के साथ जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण सहित ग्रामीणों ने श्रमदान किया। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा, 'जल, जंगल और जमीन के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती।

जल संरक्षण हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करें और प्लास्टिक का उपयोग बंद करें ताकि पर्यावरण को संरक्षित रखा जा सके।' उन्होंने ग्राम माटीझरिया में जल संरक्षण हेतु 'नारी शक्ति से जल शक्ति' समूह का निर्माण किया साथ ही किसानों को '5% मॉडल' को अपनाने का आव्हान भी किया। सुबह 8 बजे शुरू हुआ जल संरक्षण अभियान 'मोर गांव मोर पानी' में 'जल ही जीवन है' जैसे प्रेरक ध्येय वाक्यों के साथ पूरे उत्साह से संपन्न हुआ। नाले में बोरी बंधान कार्य से न केवल बहते पानी को रोका गया, बल्कि जल संरक्षण के प्रति जागरूकता का एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया गया।

ग्रामीणों की भागीदारी और अधिकारियों का समर्पण यह साबित करता है कि जल संरक्षण और पर्यावरण रक्षा में सामूहिक प्रयास कितने महत्वपूर्ण हैं। यह पहल न केवल आज की जरूरत है, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्थायी जीवनशैली की ओर बढ़ने का मार्ग भी प्रशस्त करती है। इस अभियान में जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती खुसरो सहित जिले के अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी के साथ ग्रामीण भी शामिल हुए। सभी ने नाला में श्रमदान कर जल संरक्षण का संदेश दिया।



## अवैध धान परिवहन पर प्रशासन की कड़ी कार्रवाई, 50 क्विंटल धान जब्त

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में खरीफ वर्ष 2025-26 के तहत 15 नवम्बर 2025 से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य तेज़ी से जारी है। खरीदी व्यवस्था को सुचारू एवं पारदर्शी बनाए रखने के लिए प्रशासन और खाद्य विभाग की टीमें लगातार निगरानी में जुटी हुई हैं। इसी सतर्कता का परिणाम है कि अवैध रूप से धान खपाने और परिवहन करने की कोशिश में लगे लोगों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। शनिवार को खाद्य विभाग की टीम ने बाज़ारपारा, बैकुंठपुर स्थित आयुष शिवहरे ट्रेडर्स से 35 क्विंटल धान जब्त किया। व्यापारी के पास परिवहन एवं भंडारण से संबंधित आवश्यक दस्तावेज़ उपलब्ध नहीं थे, जिसके कारण मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। इसी प्रकार जय भोले ट्रेडर्स, बाज़ारपारा बैकुंठपुर में भी जांच के दौरान 15 क्विंटल धान अवैध रूप से पाए जाने पर खाद्य विभाग ने जब्त करते हुए प्रकरण दर्ज किया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि धान खरीदी के दौरान किसी भी प्रकार के अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निगरानी और सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## जामुल में अपहरण और शोषण का मामला, आरोपी थाने से फरार

**दुर्ग।** जामुल के कुरूद बस्ती में 19 नवंबर को पत्नी को जबरन उठाकर ले जाने के मामले ने गंभीर मोड़ ले लिया है। घटना केवल अपहरण तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसमें दो वर्षों तक शारीरिक शोषण, तंत्र-मंत्र का भय दिखाकर धमकाने और धोखाधड़ी जैसे गंभीर आरोप जुड़े हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता की मुलाकात दो साल पहले हेमंत नामक युवक से हुई थी। उसने खुद को तांत्रिक बताते हुए युवती के पिता का दस लाख रुपये का कर्ज खत्म कराने और बीमारी ठीक करने का दावा किया। इसी दौरान शादी का भरोसा देकर उसने संबंध बनाए। आरोपी अपनी मां के साथ युवती को रायपुर ले गया, जहां लंबे समय तक शारीरिक शोषण और कई बार जबरन गर्भपात कराने का आरोप है। तंत्र-मंत्र का डर दिखाकर युवती को चुप रहने पर मजबूर किया जाता रहा। साल 2024 में पीड़िता को पता चला कि हेमंत पहले से शादीशुदा है। इसके बाद उसने आरोपी की पत्नी की सहायता से 15 अक्टूबर को सखी सेंटर में शिकायत दर्ज कराई। हालांकि 19 नवंबर को आरोपी फिर से युवती को जबरन घर से उठाकर दंतेवाड़ा ले गया, जहां मारपीट की गई।

## फर्जी कंपनी बनाकर 5.51 लाख की ठगी

**कवर्धा।** पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में कबीरधाम पुलिस द्वारा आर्थिक अपराध और ऑनलाइन ठगी के मामलों पर लगातार की जा रही कार्रवाई के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली कवर्धा की टीम ने काव्या इंडस्ट्रीज के नाम पर सुपर डिस्ट्रीब्यूटर बनाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने वाला आरोपी मनोज श्रीवास्तव पिता स्व. दयाशंकर श्रीवास्तव, उम्र 45 वर्ष, निवासी दाऊतपुर गोरखपुर उत्तर प्रदेश तथा वर्तमान पता बंसुंधरा, गाजियाबाद को उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किया है। प्रार्थी नवीन जैन, निवासी महावीर स्वामी चौक कवर्धा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

# जिला जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के नाम पर फर्जी संगठन बनाया, 5 सदस्य आजीवन निष्कासित

**बैकुंठपुर।** संभागीय कार्यालय फर्म्स एवं संस्थाएं अंबिकापुर से पंजीकृत संस्था जिला जर्नलिस्ट प्रेस क्लब कोरिया की शनिवार 22 नवंबर 2025 को पत्रकार भवन प्रेमाबाग में आवश्यक बैठक हुई। इस दौरान संगठन विरोधी कार्य कर फर्जी तरीके से इसी नाम से दूसरा संगठन बनाने और चुनाव कराकर संस्था के छवि को धुमिल करने वाले 5 सदस्यों को आजीवन निष्कासित कर दिया गया है। बैठक में प्रस्ताव लाया गया कि संस्था के कुछ सदस्य संगठन विरोधी कार्य में संलिप्त हैं। जो जिला जर्नलिस्ट प्रेम क्लब कोरिया के अधिकृत वाट्सऐप ग्रुप के नाम पर दूसरा वाट्सपेप ग्रुप बनाया है। जिसमें बाहरी लोगों को जोड़ा गया है। मामले में चार सदस्य को 24 अक्टूबर 2025 को छह महीने के लिए निलंबित किया गया था। बावजूद संगठन विरोधी कार्य से बाज नहीं आए। जिससे संस्था से आजीवन




निष्कासित किया जाना जरूरी है। यानि उक्त सदस्यों को किसी भी परिस्थिति में दोबारा संस्था का सदस्य नहीं बनाया जाएगा। इस दौरान सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर संभागीय सहायक पंजीयक फर्म्स एवं संस्थाएं अंबिकापुर को जानकारी भेजने का निर्णय लिया गया है। वहीं पंजीकृत संस्था जिला जर्नलिस्ट प्रेस क्लब कोरिया के नाम पर बनाए गए दूसरे संगठन के कार्यक्रमों में सम्मिलित होने वाले और शहर में बैनर में फोटो नाम छपवाने वाले पांच सदस्यों के कार्यों को लेकर रजिस्टर में कड़ी टिप्पणी अंकित किया गया है। सदस्यों को परिचय वितरण हुआ। पंजीकृत संस्था जिला जर्नलिस्ट प्रेस क्लब कोरिया के सदस्या को पत्रकार भवन प्रेमाबाग में अध्यक्ष प्रवींद सिंह के हाथों परिचय पत्र वितरण किया गया। इस दौरान कार्यकारिणी के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

## अघोरेश्वर महाप्रभु के महा निर्माण दिवस पर भव्य आयोजन

**कोरिया।** अघोरेश्वर महाप्रभु के महा निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 29 नवंबर 2025, दिन शनिवार को श्री सर्वेश्वरी समूह आश्रम, तलवापारा बैकुंठपुर (जिला कोरिया, छत्तीसगढ़) में दिव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह पावन अवसर सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक चला, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु, माताएं एवं धर्मबंधु बड़ी आस्था और उत्साह के साथ उपस्थित हुए।



कार्यक्रम का आरंभ अघोर परंपरा के मूल मंत्र 'अघोरान्ना परो मंत्रः नास्ति तत्वं गुरोः परम्' के सामूहिक जाप से हुआ। मंत्रोच्चारण के दौरान पूरा आश्रम परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा और श्रद्धालुओं ने महाप्रभु जी के उपदेशों को स्मरण करते हुए साधना की। मंत्र जाप का उद्देश्य मानव जीवन को सत्यमार्ग की ओर प्रेरित करना, मन की शांति प्राप्त करना तथा गुरु परंपरा के प्रति समर्पण भाव को मजबूत करना बताया गया। सामूहिक जाप के उपरांत महाप्रभु के जीवन, दर्शन और मानव सेवा के आदर्शों पर भी प्रवचन आयोजित किए गए। वक्ताओं ने बताया कि अघोरेश्वर महाप्रभु ने समाज को निडरता, करुणा, प्रेम और सेवा भावना का संदेश दिया था, जिसे अपनाकर व्यक्ति अपने जीवन को सार्थक बनाता है। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आश्रम समिति ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज को आध्यात्मिक दिशा देना और गुरु-शिष्य परंपरा के पावन बंधन को सुदृढ़ करना है। आयोजकों ने सभी उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम तभी सफल होते हैं जब समाज बढ़-चढ़कर सहभागिता करे। साथ ही आगामी आध्यात्मिक कार्यक्रमों में भी अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया गया।

## फुटबॉल टीम का चयन सम्पन्न, 18 खिलाड़ियों की घोषणा



**कोरिया चरचा कालरी।** जिला फुटबॉल संघ कोरिया द्वारा जिला टीम के गठन हेतु पिछले तीन दिनों से चर्चा कालरी के महाजन स्टेडियम में चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। डी .एफ. ए.कोरिया की टीम में स्थान बनाने के लिए अविभाजित कोरिया जिला अर्थात् कोरिया एवं मनेंद्रगढ़ दोनों ही जिलों के अनेक युवा खिलाड़ी मैदान में पहुँचे। खिलाड़ियों की खेल-कुशलता का प्रतिदिन प्रदर्शन के आधार पर मूल्यांकन किया गया। लगातार तीन-चार दिनों तक चले चयन के उपरांत जिला फुटबॉल संघ के सचिव डॉ. अशोक कुमार विराजी, उपसचिव प्रदीप कुमार डे, कोच कंचन पाल, रेफरी विजय विश्वकर्मा, सहित समिति के सदस्य राजेश सिंह (मनेंद्रगढ़) एवं वरिष्ठ खिलाड़ी योगेश साहू की सहमति चयनित खिलाड़ियों के नामों की घोषणा की गई। इसके साथ ही खिलाड़ियों को डी.एफ. ए .कोरिया की जर्सी एवं अन्य खेल सामग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला फुटबॉल संघ के सचिव डॉ. विराजी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'आप सभी खिलाड़ियों ने लगन और मेहनत के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। टीम हेतु केवल 18 खिलाड़ियों का चयन संभव है, इसलिए जिनका चयन नहीं हो सका वे स्वयं को असफल न समझें, निराश न हों। वे और मन लगाकर अपने खेल में सुधार करें, भविष्य में उन्हें भी अवसर प्रदान किया जाएगा। आप सभी से अपेक्षा है की इंटर डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल में आप सभी का बेहतर प्रदर्शन होगा और आगे चलकर छत्तीसगढ़ राज्य की टीम से खेलते हुए क्षेत्र और जिले का मान बढ़ाएंगे,पूर्व में एक समय ऐसा था जब पूरे प्रदेश में कोरिया जिले की टीम सबसे दमदार टीम मानी जाती थी। विदित हो कि कोरिया जिला टीम के गठन के बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश की फुटबॉल टीम के गठन हेतु छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में कोरबा में *इंटर-डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल सिलेक्शन किया जाएगा, जहाँ चयनित खिलाड़ियों से छत्तीसगढ़ राज्य टीम बनाई जाएगी। चयनित छत्तीसगढ़ टीम इंटर-स्टेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी तथा इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ राज्य टीम के खिलाड़ी संतोष ट्रॉफी टूर्नामेंट में भी प्रतिभा दिखाएँगे। कोरिया जिला फुटबॉल टीम के चयनित खिलाड़ी करमचंद राजवाड़े, नवीन नायक, राकेश कुमार, अरुण कुमार, अशोक कुमार राजवाड़े, रितेश कुमार, नितेश गुप्ता, सत्यम पांडेय, दिलीप, योगेश कुमार, शुभाशिष यादव, आयुष सिंह, हिमांशु मंडल, संदीप कुमार, रवि कुरमी, प्रथम सहीस, राकेश सेठी एवं शिव सागर है वहीं टीम के कोच विजय विश्वकर्मा व टीम के मैनेजर कंचन पॉल होंगे।

## आमने-सामने भिड़ंत, दो घायल

**दुर्ग।** जामुल थाना सीमा में नंदनी एयरोड्रम के सामने जामुलङ्कअहिवारा मार्ग पर आज एक पिकअप और बोलेरो वाहन के बीच जोरदार टक्कर हो गई। अचानक हुई आमने-सामने की भिड़ंत में दोनों वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा और चालक घायल हो गए। घटना में पिकअप वाहन के ड्राइवर राजू टंडन को गंभीर चोटें लगी हैं। उसके जबड़े में गहरा फ्रैक्चर और सिर पर गंभीर चोट की जानकारी सामने आई है। वहीं बोलेरो वाहन चला रहे साहिल नायक भी घायल हुए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है कि टक्कर बोलेरो और मालवाहक पिकअप के बीच हुई।

## जंगल में हाथियों का हमला, पूर्व उपसरपंच की मौत

**सूरजपुर।** जिले के रामकोला वन परिक्षेत्र में शनिवार को हाथियों के दल ने एक बार फिर इंसानों पर हमला कर दिया। जड़ी-बूटी इकट्ठा करने और लापता गाय को खोजने गए गांव के पूर्व उपसरपंच की हाथी के हमले में मौत हो गई, जबकि साथ में गए तीन लोग मौके से जान बचाकर निकलने में सफल रहे। मिली जानकारी के अनुसार, चार लोग दोपहिया वाहन से जंगल पहुंचे थे। वापसी के दौरान उनका आमना-सामना अचानक हाथियों के झुंड से हो गया। इसी दौरान एक हाथी उग्र हो गया और पूर्व उपसरपंच पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। बाकी साथी किसी तरह दौड़कर जंगल से बाहर पहुंचे और घटना की सूचना ग्रामीणों और वन विभाग तक पहुंचाई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। विभागीय सूत्रों के अनुसार, क्षेत्र में हाथियों की गतिविधि को देखते हुए ग्रामीणों को जंगल में प्रवेश न करने की हिदायत दी गई थी।

# पनिका समाज ने बैठक करने के साथ जरूरी निर्णय लिए



**कोरिया बैकुंठपुर।** भारतीय पनिका समाज जिला इकाई का विगत 22 नवंबर को भारतीय पनिका समाज जिला कोरिया का आवश्यक बैठक बैकुंठपुर सामाजिक भवन खोडरी में संपन्न हुआ बैठक की अध्यक्षता राजाराम जाता जिला अध्यक्ष के द्वारा की गई बैठक में विशेष रूप से रामधन देवांगन संभागीय अध्यक्ष उपस्थित रहे बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए 8 दिसंबर 2025 को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी काला दिवस मनाए जाने का निर्णय सर्व सहमति से लिया गया कार्यक्रम में काला फीता लगाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा जिसमें रैली आम सभा के माध्यम से महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री के नाम से कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन दिया जाएगा एवं विदित है कि सन 1971 के पूर्व पनका /पनिका जाति को अनुसूचित जनजाति का दर्जा प्राप्त था परंतु अकारण ही 8.12.1971 को सूची से बाहर कर दिया गया तब से पनिका समाज संघर्ष करते आ रहा है और आगे भी संघर्ष करता रहेगा पुनःपनका/ पनिका समाज को अनुसूचित जनजाति का दर्जा प्राप्त हो इसके लिए 8 दिसंबर को संपूर्ण छत्तीसगढ़ में काला दिवस के रूप में कार्यक्रम कर रैली आम सभा के माध्यम से सभी जिलों में ज्ञापन दिया जाएगा कार्यक्रम को विशाल रूप से आयोजित कराने के लिए समस्त जिला,ब्लाक,ग्राम इकाई,के पदाधिकारीयो को निर्देशित किया गया। बैठक में उपस्थित रहे रामलाल टांडिया जिला कोषाध्यक्ष, मायाराम खंडे वरिष्ठ जिला कार्यकारिणी,बाबूलाल गोयन सलाहकार,चंद्रिका प्रसाद जिला उपाध्यक्ष,विजेंद्र मानिकपुरी जिला महासचिव,टाकेश्वर प्रसाद जिला उपाध्यक्ष,बबीता ग्वाले जिला अध्यक्ष महिला समिति,उमाशंकर बंटी जिला अध्यक्ष युवा समिति,मनिलाल मानिकपुरी सह सचिव,कृष्ण कुमार बख्शाल उपाध्यक्ष,विजेंद्र लाल सोनवानी उपाध्यक्ष,राम उपाध्यक्ष,पंचम रावत वरिष्ठ जिला कार्यकारिणी,दरोगा प्रसाद ब्लॉक अध्यक्ष पटना 84,दीपक कुमार ब्लॉक अध्यक्ष बैकुंठपुर,अनीता पुरी जिला उपाध्यक्ष महिला समिति,रानी देवांगन जिला उपाध्यक्ष महिला समिति,बिंदुमती जिला कार्यकारिणी महिला समिति,साधना पंडवार सदस्य,भारती पंडवार जिला मीडिया प्रभारी महिला समिति,ज्योति दास सदस्य, मुन्ना राम देवांगन,रवि चिकनजूरी जिला कार्यकारिणी,उमेश कुमार युवा समिति जिला प्रभारी, छत्रपाल देवांगन युवा समिति कोषाध्यक्ष,संजू पंडवार सदस्य, मंगलेश्वर ब्लॉक मीडिया प्रभारी,भरत देवांगन जिला कार्यकारिणी,मुन्ना राम देवांगन जिला कार्यकारिणी,विजेंद्र कुमार सदस्य, सरवन कुमार,अजय कुमार,विजय कोराम, संतोषी, जयप्रकाश ब्लॉक अध्यक्ष युवा समिति, सुभाष चंद्र,राजू पंडावर ब्लॉक कोषाध्यक्ष पटना,पन्नालाल सदस्य, हेमंत चिकनजूरी,राम लखन चिकनजूरी, उमेंद्र कुमार,लाल दास महंत जिला मीडिया प्रभारी कोरिया, राधेश्याम ब्लॉक कोषाध्यक्ष बिशनपुर चर्चा,सोमदास ब्लॉक उपाध्यक्ष, जयप्रकाश रावत सदस्य,राकेश कुमार सदस्य,सहित भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## नवीन शासकीय कन्या कॉलेज में जनजातीय गौरव दिवस पर हुआ व्याख्यान कार्यक्रम

**एमसीबी।** नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर एक भव्य एवं सारगर्भित व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीतः ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान रहा, जिसके माध्यम से जनजा र प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने जनजातीय छात्राओं से शैक्षणिक अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने और समाज में नेतृत्व की भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। जायसवाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि जनजातीय समाज ने सदैव अपनी परंपराओं और संस्कृति का संरक्षण किया है। जनजातीय समुदाय ने 'जन-जंगल-जमीन' को सर्वोपरि माना है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा आधुनिक समाज के लिए प्रेरणा-स्रोत हैं। साथ ही उपस्थित जनों से आह्वान किया कि वे देश की संस्कृति और विरासत को मजबूती से समर्थन दें।विशिष्ट वक्ता ने जनजातीय वीरता और परंपराओं का स्मरण करायाविशिष्ट वक्ता हंसराज सिंह, पूर्व अध्यक्ष—जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़, ने कहा कि जनजातीय इतिहास केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि साहस, संघर्ष और स्वाभिमान की अद्भुत गाथा है। उन्होंने जंगल आंदोलनों, अंग्रेजी शासन के विरुद्ध विद्रोहों तथा जनजातीय नायकों के असाधारण योगदान का उल्लेख किया। श्री सिंह ने बताया कि जनजातीय समाज हमेशा से पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग का जीवंत उदाहरण रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी मातृ शक्ति और पितृ शक्ति, जो समय के साथ कहीं खोती चली गई थीं, आज जनजातीय गौरव दिवस के माध्यम से फिर से सम्मानपूर्वक उजागर हो रही हैं। अपने संबोधन में उन्होंने विशेष रूप से भगवान बिरसा मुंडा का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके 150वें जन्मवर्ष को मनाना पूरे जनजातीय समाज के लिए गर्व का विषय है। मात्र 25 वर्ष की अल्पायु में उन्होंने अंग्रेजों के अत्याचारों के विरुद्ध जो संघर्ष किया, वह अद्वितीय है। इसी संघर्ष ने उन्हें भगवान का दर्जा दिलाया।विशिष्ट अतिथि ने सांस्कृतिक समृद्धि को



बताया प्रेरणा का स्रोतइस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. रश्मि सोनकर, सदस्य—जनभागीदारी समिति, ने जनजातीय कला, नृत्य, लोकगीत, चिकित्सा पद्धति और सामुदायिक जीवन की विशिष्टताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जनजातीय संस्कृति में स्त्री की भूमिका अत्यंत सशक्त और सम्मानित रही है, जो आज के समाज के लिए आदर्श है। डॉ. रेशमा सोनकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा स्वतंत्रता के संग्राम से स्नात थे और उन्होंने जनजातीय समाज को एकजुट किया। उन्होंने बताया कि बिरसा मुंडा के जागरण से प्रभावित होकर जनजातीय समुदाय ने उन्हें भगवान का दर्जा दिया। मात्र 25 वर्ष की आयु में ही वे 'भगवान बिरसा' बनकर अमर हो गए।अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य ने दिया महत्वपूर्ण संदेशकार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. राम किंकर पाण्डेय, प्राचार्य—नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ ने की। अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास हमें सिखाता है कि सांस्कृतिक विविधता किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति होती है। उन्होंने छात्राओं को जनजातीय समाज की परंपराओं, उनकी जीवन शैली और आध्यात्मिक मूल्यों को शोध और अध्ययन का महत्वपूर्ण विषय बनाने की सलाह दी।छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लियाकार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारी वर्ग एवं बड़ी संख्या में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।व्याख्यान के दौरान छात्राएँ जनजातीय समाज की धरोहर, संघर्ष एवं योगदान से प्रेरित होती रहीं। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्रा आकांक्षा अग्रवाल ने भी भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, उनके संघर्ष और जनजातीय समाज को एकजुट करने में उनके ऐतिहासिक योगदान पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उनकी प्रस्तुति को उपस्थित सभी अतिथियों और छात्राओं द्वारा सराहना मिली।कार्यक्रम का सफल संचालनकार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अनीता यादव, विभागाध्यक्ष प्राणी शास्त्र, द्वारा दिया गया, जिन्होंने सभी अतिथियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के संयोजन एवं संचालन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी जय प्रकाश सिंह एवं पूर्णिमा सोनपाखर द्वारा संभाली गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मनीष कुमार पोर्ते, सहायक ग्रेड का विशेष योगदान उल्लेखनीय रहा, जिन्होंने सूक्ष्म व्यवस्थाओं से लेकर संपूर्ण समन्वय तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में अतिथियों को स्मृति चिह्न प्रदान किए गए, जिसके साथ इस गरिमामय एवं सार्थक कार्यक्रम का औपचारिक समापन किया गया।

# सुविधा का सवाल, इसलिए कबाड़ हो गई ट्रायसाइकिल

## जनपद पंचायत कटघोरा में बना नमूना, योजना पर सवाल






**कोरबा।** शारीरिक अक्षमता से जूझ रहे लोगों को सहूलियत देने के इरादे से सरकार ने कई योजनाओं लांच की है। इनमें से कुछ काम की साबित हुई है, जबकि कई का बेड़ा गर्क हो गया है। जनपद पंचायत कटघोरा के एक परिसर में ऐसी अनेक ट्रायसाइकिल कबाड़ में बदल गई है। इससे योजना की उपयोगिता पर प्रश्न चिन्ह लग रहे हैं, वहीं परिसर की तस्वीर बिगड़ रही है।

समाज कल्याण विभाग माध्यम से इस तरह की योजनााएं संचालित की जा रही है। वितरण की जिम्मेदारी ब्लॉक स्तर पर दी गई है। आवेदन लेने से लेकर परीक्षण और अगली प्रक्रियाओं के लिए नियम बने हुए हैं। महत्वाकांक्षी योजनाओं के मामले में प्रगति काफी अच्छी बताई जाती है लेकिन अन्य योजनाएं और उनके तहत प्राप्त संसाधनों की दुर्गति हो गई है। कटघोरा जनपद पंचायत के एक परिसर में नि:शक्तों की सुविधा के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई काफी ट्रायसाइकिल बिल्कुल कबाड़ बदल गई है। इनकी न तो पूछपरख हो रही है और न ही इन्हें यहां से हटाकर डिस्मेंटल करने की जरूरत समझी गई।

इसी के साथ अन्य जनपदों में भी सरकारी योजनाओं से प्राप्त ऐसे अनेक संसाधनों का कमोबेस यही हाल है। इससे पता चलता है कि जिन लोगों की अपेक्षाएं संसाधनों को लेकर पिछले वर्षों में रही, अब उनका दृष्टिकोण बदल गया है। इस चक्कर में योजना को बंद करने की जरूरत महसूस की जा रही है।

### सरकारी धन बर्बाद हो रहा ऐसी योजनाओं में

सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों से बातचीत करने पर कई तरह की चीजें सामने आई। उनका कहना है कि सर्वहारा वर्ग को सुविधा देने और उसकी मुश्किलों को कम करने के लिए विभिन्न इलाके से मिलने वाले प्रस्ताव पर आगे प्रक्रियाएं बढ़ाई जाती है। योजनाएं बनाने के साथ इसके लिए क्राइटेरिया तय किया जाता है। स्वाभाविक है कि एक समय के बाद संदर्भ बदल जाते हैं और जरूरतें भी। फिर वह वर्ग ऐसी सुविधाएं प्राप्त करने के मूड में नहीं होता जो कुछ समय पहले इसका जरूरतमंद होता है। कहा जा रहा है कि समय के साथ लोग सुविधाभोगी बनते जा रहे हैं। उनकी अपेक्षाएं सरकार से लगातार बढ़ रही है। जानकारों ने बताया कि जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के द्वारा जनप्रतिनिधियों पर दबाव बनाने से एक-एक गांव में पांच-पांच सार्वजनिक चबूतरे तैयार करा दिए गए। इनकी उपयोगिता लगभग शून्य है।

### *पांच वर्ष पहले का है कटघोरा का यह मामला*

*जनपद पंचायत में जो ट्रायसाइकिल मौजूद हैं, वे पांच वर्ष से भी पुरानी हैं। तत्कालीन आवश्यकता के लिए ये उपलब्ध कराई गई थी, जिन्हें संबंधितों ने लिया नहीं। अब मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल की मांग संबंधित हितग्राही कर रहे हैं। इसके आवेदन से लेकर वितरण की प्रक्रिया जिले से है।*

***यशपाल सिंह, सीईओ, जपं कटघोरा***

# शराब पीकर पिता की हत्या, चार माह बाद आरोपी पकड़ाया

**कोरबा।** शराब पीकर अपने ही पिता की नृशंस हत्या करने वाले आरोपी पुत्र शंकर खाडे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी तेलंगाना के हैदराबाद भाग गया था और मजे कर रहा था।

कोरबा जिले की दीपिका पुलिस ने आरोपी शंकर खांडे पर इस मामले में हत्या का अपराध भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में दर्ज किया था और उसकी तलाश करने में जुटी थी। सहायक उप निरीक्षक जीतेश सिंह ने बताया कि 7 जुलाई 2025 को यह घटना थाना क्षेत्र के सिरकी इलाके में घटित हुई थी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी में बताया गया कि घटना वाले दिवस आरोपी शराब के नशे में थे। किसी बात को लेकर उसने अपने पिता परशराम खांडे से विवाद किया। जब मामला बढ़ गया तो दोनों में बहसबाजी और तेज हुई। इसके बाद आरोपी के द्वारा पिता से मारपीट की गई। बाद में वहशी तरीका अपनाते हुए उसकी हत्या कर दी गई। जब यह सुनिश्चित हो गया कि पिता की सांस थम गई है तो आरोपी मौके से नजर बचाकर भाग खड़ा हुआ। आसपास के लोगों को घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस को इस बारे में सूचित किया। दीपिका पुलिस ने मामले में हत्या का अपराध पंजीबद्ध करने के साथ आगे की कार्रवाई की। बताया गया कि जुलाई महीने में हुई वारदात के बाद से आरोपी लगातार यहां वहां भागता फिर रहा था और फिर उसने हैदराबाद का रास्ता चुन लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी की तलाश को लेकर लगातार कोशिश की जा रही थी। इस प्रकार की सूचनाओं आई थी कि आरोपी एक-दो दिन में यहां आने वाला है इस पर हमने ध्यान दिया और सिरकी मोड़ पर निगरानी करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को आज कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

# बड़मार के पास बाइक भिड़ी, दो घायल

**कोरबा।** कोरबा जिले के करतला पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ितों को करतला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों की निगरानी में पीड़ितों का उपचार किया जा रहा है।

बड़मार ग्रामीण क्षेत्र में यह घटना होने की जानकारी मिली। पुलिस ने बताया कि दो युवक अपनी बाइक पर दूसरे क्षेत्र जाने को निकले थे। ग्रामीण रास्ते पर गलत फैमिली के चक्कर में उनकी बाइक एक दूसरे से जा टकराई। इस घटना में दो युवक बाइक समेत गिर पड़े और जख्मी हो गए। राजगीर के माध्यम से पुलिस को इस बारे में जानकारी हुई जिस पर तत्काल पुलिस कर्मियों को भिजवाया गया। उन्होंने पीड़ितों पर संज्ञान लिया और उन्हें अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था की। पुलिस ने बताया कि रोड सेफ्टी को लेकर लगातार आसपास के क्षेत्र में लोगों को जागरूक किया जा रहा है और बताया जा रहा है कि किस प्रकार से नियमों का पालन करने के साथ आपको गाड़ी ड्राइव करना है।

# राम मंदिर सीतामढ़ी में 95 वा विष्णु महायज्ञ 26 से



**कोरबा।** नगर के सीतामढ़ी स्थित प्राचीन राम जानकी मंदिर परिसर में विष्णु महायज्ञ का नौ दिवसीय आयोजन 26 नवंबर से प्रारंभ हो रहा है। इस वर्ष इस महायज्ञ के 95 वर्ष पूरे हो रहे हैं।

विष्णु महायज्ञ को संपर्क करने के लिए वाराणसी से पुरोहितों को आमंत्रित किया गया है। उनके सहयोग के लिए स्थानीय ऋतिक सेवाएं देंगे। बताया गया कि वर्ष 1930 में पहली बार इस स्थान पर विष्णु महायज्ञ का आयोजन जगन्नाथ दास महाराज के द्वारा किया गया था, तब से यह परंपरा लगातार चल रही है। कोरबा में पूरे वाले इस महायज्ञ में 9 दिन तक विधि विधान से वैदिक अनुष्ठान होंगे जिसमें कई लाख आहुति दी जाएगी। आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि विष्णु महायज्ञ को लेकर तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मुख्य मंडप को तैयार कर लिया गया है और आदि जो कम बचे हुए हैं उसे पूरा करना जारी है। आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि विष्णु महायज्ञ में परंपरा के अंतर्गत अरणी मंथन के साथ अग्नि प्रज्वलित की जाएगी और इसके पश्चात यज्ञ के विधान संपन्न कराए जाएंगे।

## प्रदेश सह प्रभारी जरिता लेंगी बैठक

**कोरबा।** कांग्रेस की प्रदेश सह प्रभारी जरिता का 29 नवंबर को कोरबा आगमन हो रहा है। उनके द्वारा एसआईआर को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली जाएगी। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है। वे सभी विधानसभा क्षेत्रों में बैठक लेकर जिम्मेदारी दे चुके हैं।

अब ब्लॉक स्तर के कार्यकर्ताओं को बुलाकर बैठक लेंगे। इस बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष गोरेलाल यादव, विशाल शुक्ला, फिरोज अनंत, कृष्णा दास, यशपाल कंवर सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल होंगे। जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज चौहान ने बताया कि सभी विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं को बैठक में बुलाया गया है।

# जटगा में बाड़ी उजाड़ी हाथियों ने



**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल के जटगा रेंज में बड़ी संख्या में हाथी पहुंच गए हैं। एतमानगर रेंज के पचरा जंगल से पहुंचे 53 हाथियों के दल ने बीती रात जटगा व आसपास के गांवों में जमकर उत्पात मचाया और एक ग्रामीण के बाड़े को उजाड़ते हुए वहां लगे गंवार फल्ली, फूलगोभी, केला, बरबट्टी एवं अन्य सब्जी के पौधों को तहस-नहस कर दिया। इतना ही नहीं खेतों में पहुंचकर हाथियों ने वहां तैयार धान की फसलों को भी चौपट कर दिया है।

हाथियों का उत्पात रात भर चला। बाड़ी उजाड़ने तथा खेतों में फसल को चौपट करने के बाद हाथियों का दल सुबह होने से पहले जंगल की ओर रूख किया और कक्ष क्रमांक ओएच 176 में पहुंचने के साथ डेरा डाल दिया। बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। इससे पहले हाथियों का दल एतमानगर रेंज के पचरा क्षेत्र में विचरण कर रहा था। हाथियों ने दो दिन पूर्व वहां से झुंड बनाकर आगे बढ़ना शुरू किया और जटगा रेंज में एक स्थान पर पहुंचने के साथ एकजुट हो गए। बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में पहुंचने के बाद विभाग ने सतर्कता बढ़ा दी है। जटगा एवं आसपास के गांवों में मुनादी कराने के साथ ग्रामीणों को सतर्क करने का काम भी शुरू कर दिया गया है। इधर कोरबा वनमंडल में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। हाथियों की मौजूदगी करतला रेंज के नोनबिर्रा सर्किल में बनी हुई है जो लगातार खेतों में पहुंचकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

## बैठक में ढेलवाडीह कालोनी की समस्याओं को रखा जाएगा सामने

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व में एसईकेएमसी और प्रबंधन के मध्य आईआर की वार्ता में ढेलवाडीह कालोनी की समस्याओं को रखा जाएगा। बगदेवा क्षेत्र के अशोक सिंह, धनीराम, उपेंद्र कुमार ने ढेलवाडीह कालोनी के समस्याओं का अवलोकन करते हुए मांग पत्र बनाया है। इन समस्याओं को रखते हुए दूर करने की मांग की जाएगी। इसी तरह सरायपाली क्षेत्र में राजेश साहू व बिलोराम का कहना है कि कोयला कामगारों के लिए आवास की समस्या अभी भी बनी हुई है। वे अभी भी दूरदराज क्षेत्रों से आते हैं। रजगामार में स्ट्रीट लाइट व सड़क की समस्या को रामनाथ कश्यप व राजेश साहू सामने रखेंगे। रजगामार कालोनी काफी पुराना है। यहां के आवासों के मरम्मतीकरण की समस्याओं को भी रखा जाएगा।

## मधुमेह रोधी गतिविधि पर डॉ. ज्योति को पीएचडी



**कोरबा।** कोरबा की डॉ. ज्योति दीवान को मधुमेह उपचार में अभूतपूर्व अनुसंधान के लिए डॉक्टर ऑफ फिलासिपी की उपाधि से सम्मान किया गया। उन्होंने हाइड्रॉक्सामिक एसिड की मधुमेह नियंत्रण में भूमिका पर पीएचडी की। उनका शोध मधुमेह मेलेट्स (डीएम) के लिए प्रभावी औषधी प्रबंधन के लिए नई दिशा प्रदान करता है। उन्होंने अपने शोध में विभिन्न रासायनिक प्रभावों का विषद अध्ययन किया और इसके माध्यम से बताया कि रोग नियंत्रण में किसी प्रकार से ये कारगर होते हैं। रावतपुरा सरकार के केमेस्ट्री के एचओडी डॉ. आरपी राजवाड़े, सुलीनी विश्वविद्यालय सोलन हिमाचल प्रदेश के डॉ. दीपक कुमार के मार्गदर्शन में उन्होंने शोध कार्य पूरा किया।

## आंतरिक मार्ग के सुधार पर दिया ध्यान

**कोरबा।** नगर पालिका निगम के द्वारा विभिन्न वार्ड में आंतरिक मार्गों स्थिति को ठीक करने के लिए ध्यान दिया गया है। यहां पर सुधार अथवा नवनिर्माण कराया जा रहा है। इसके साथ ही मुख्य सड़कों के आसपास की समस्या को देखते हुए चौड़ीकरण भी किया जा रहा है। पेवर ब्लॉक बेस्ड इस कार्य पर लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

# डीजल टेंकर व ट्रक में हुई भिड़ंत, चालक फंसा केबिन में



**कोरबा।** सर्वमंगला कनवेरी मार्ग पर आज सुबह डीजल टेंकर व राखड़ लोड ट्रक के बीच आमने सामने टक्कर हो जाने से ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और केबिन में फंस गया। जिसे जेसिबी की मदद से निकाला गया और अस्पताल भिजवाया गया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार यह घटना आज सुबह लगभग 8 बजे घटित हुई। बताया जाता है कि सर्वमंगला कनवेरी मार्ग पर डीजल टेंकर क्रमांक सीजी 11 बीएल 1909 जा रहा था, जो विपरीत दिशा से आ रही राखड़ लोड ट्रक क्रमांक सीजी 04 ओ जी 4600 से भिड़ गई। इस घटना में ट्रक चालक घायल हो गया और वह केबिन में फंस गया। इसकी सूचना मार्ग से गुजर रहे लोगों ने डायल 112 को दी। जिस पर उसके जवान मौके पर पहुंचे और केबिन में फंसे ट्रक चालक को हाथों से निकालने का प्रयास और जब नहीं निकाला जा सका तो जेसीबी की मदद ली गई। इस दौरान डीजल टेंकर पलट गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। चालक को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। याद रहे सर्वमंगला-कनवेरी मार्गपर इस तरह की घटना होती रहती है, जिसकी प्रमुख वजह सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से खड़े वाहनों की कतार होती है।

## नए लेबर कोड श्रम क्षेत्र के लिए मील का पत्थर होंगे साबित, कहा बनाफर ने



**कोरबा।** भारतीय मजदूर संघ के केन्द्रीय नेतृत्व ने भारत सरकार द्वारा लागू किए गए बहुप्रतीक्षित चार लेबर कोड लागू करने के निर्णय का स्वागत किया है। भारतीय मजदूर संघ छत्तीसगढ़ के कार्यकारी अध्यक्ष शंखध्वनि सिंह बनाफर ने निर्णय का स्वागत करते हुए नवीन लेबर कोड समस्त श्रमिक वर्ग की गरिमा, सुरक्षा, कल्याण सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि उपरोक्त लेबर कोड को अंतिम रूप देते समय भारतीय मजदूर संघ के सुझावों को स्वीकार करते हुए संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ लंबे समय से लंबित सुधारों को एकीकृत एवं सरल बनाकर समयानुकूल श्रमिक नीति को लागू किया है। भारतीय मजदूर संघ छत्तीसगढ़ के कार्यकारी अध्यक्ष शंखध्वनि सिंह बनाफर ने छत्तीसगढ़ के सभी संगठित और असंगठित मजदूरों को नए श्रम कानूनों के लागू होने पर शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई है कि इस लेबर कोड से श्रमिकों का सशक्तिकरण होगा और उद्योगों में मधुर श्रम संबंध स्थापित होंगे। उम्मीद जताई है कि इस लेबर कोड से श्रमिकों का सशक्तिकरण होगा और उद्योगों में मधुर श्रम संबंध स्थापित होंगे जिससे देश के आर्थिक विकास में सकारात्मक गति आएगी। भारतीय मजदूर संघ ने श्रमिकों के हित की रक्षा और सुदृढ़ श्रम वातावरण के निर्माण हेतु निरंतर प्रयास जारी रखने का संकल्प दोहराया है।

## श्रमिकों की कानूनी सुरक्षा समाप्त हो जाएंगे नए बिल से : दीपेश मिश्रा



**कोरबा।** केंद्र सरकार ने देशभर के 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के विरोध के बावजूद चार विवादास्पद श्रम संहिताओं, औद्योगिक संबंध, मजदूरी संहिता, सामाजिक सुरक्षा और पेशागत सुरक्षा एवं स्वास्थ्य की अधिसूचना जारी कर दी। एटक के राज्य सचिव के दीपेश मिश्रा ने कहा कि श्रम कानूनों में सुधार के नाम पर 29 पुराने श्रम कानूनों को मिलाकर बनाए गए इन लेबर कोड्स से कर्मचारियों को मिल रही कानूनी सुरक्षा समाप्त हो जाएगी। सरकारी फैसले को लेकर दीपेश मिश्रा ने कहा कि लगभग देश की तीन-चौथाई कंपनियों में बंधुआ मजदूरी जैसी स्थिति बन जाएगी। नए प्रावधानों के तहत 300 से कम कर्मचारियों वाली कंपनियों को मनमर्जी से हायर-फायर करने और बिना रोक-टोक कंपनी बंद करने की खुली छूट दी गई है, साथ ही काम के घंटे 8 से बढ़ाकर 12 कर दिए गए हैं। लेबर कोड में हड़ताल पर कड़ी पाबंदी, ट्रेड यूनियन पंजीयन को जटिल बनाने और ट्रेड यूनियन कानून 1926 को कमजोर करने जैसे कदम श्रम संगठनों के अस्तित्व को खत्म करने की साजिश है। नौकरी से निकाले गए मजदूरों के लिए विशेष फंड का प्रावधान भी सिर्फ दिखावा है। इन सभी कारणों से देशभर के मजदूर संगठनों ने 26 नवंबर को राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन का ऐलान किया है।



**कांशीनगर में किया जनसंपर्क :** कोरबा के कांशीनगर क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने गृह संपर्क अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर नागरिकों से भेंट की। भारत माता के चित्र के साथ संगठन के साहित्य उपलब्ध कराए गए। अगले माह से शुरू हो रहे राम नाम लेखन महायज्ञ में भागीदारी के लिए अक्षत के साथ आमंत्रण दिया गया। मातृशक्ति का सहयोग भी इस अभियान में प्राप्त हो रहा है। कई क्षेत्र में स्वस्फूर्त लोगों ने अभियान को खुद से जोड़ा है।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com